पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 20 ◆ अंक - 17 ◆ रायपुर 05 मार्च 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### पीएम ने 56 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया

# महिला, बुजुर्ग, गांव-शहर सब कह रहे- अबकी बार 400 पार -मोदी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। आदिलाबाद में उन्होंने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा- आज गांव हो या शहर, महिला, बुजुर्ग, युवा हर कोई कह रहा है- अबकी बार 400 पार।



### PM आदिलाबाद में 800 मेगावाट के थर्मल प्लांट का उद्घाटन करेंगे

केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने रविवार (3 मार्च) को कहा कि प्रधानमंत्री आदिलाबाद दौरे के दौरान 6,000 करोड़ रुपए से बने 800 मेगावाट के NTPC थर्मल पावर प्लांट का इनॉगरेशन करेंगे। किशन रेड्डी ने कहा कि PM मोदी ने पिछले साल अक्टूबर में अपनी निजामाबाद यात्रा के दौरान 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट का उद्घाटन किया था। नए थर्मल पावर प्लांट के उद्घाटन के साथ थर्मल पावर प्लांट की कुल क्षमता 1,6000 मेगावाट हो जाएगी।

### तीन दिन में 5 राज्यों में जाएंगे PM मोदी

PM मोदी 4, 5 और 6 राज्यों में कुल 5 राज्यों का दौरा करेंगे। तेलंगाना, तमिलनाडु और ओडिशा के बाद 6 मार्च को वे पश्चिम बंगाल जाएंगे। मोदी कोलकाता में सुबह करीब10-15 बजे 15,400 करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। कोलकाता के बाद प्रधानमंत्री उसी दिन बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया जाएंगे। बेतिया में दोपहर करीब 3-30 बजे मोदी 12,800 करोड़ रुपए के कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

इससे पहले PM मोदी 2 दिन के दौरे पर 1 मार्च की दोपहर पश्चिम बंगाल पहुंचे थे। हुगली के आरामबाग में मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुझे दुश्मन नंबर-1 मानती हैं। आज बंगाल की जनता मुख्यमंत्री दीदी से पूछ रही है- उनके लिए कुछ लोगों का वोट आपके लिए संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से भी ज्यादा हो गया। आपको शर्म आनी चाहिए।

*उन्होंने कहा कि हमारे नेताओं ने लाठियां खाईं, मुसीबत झेली। तब कहीं जाकर बंगाल पुलिस को आपकी ताकत के सामने झुककर उस आरोपी (शेख शाहजहां) को गिरफ्तार करना पड़ा। ये करीब दो महीने फरार रहा। कोई तो होगा, जो उसको बचा रहा होगा। क्या ऐसी टीएमसी को माफ करेंगे। यहां मांओं-बहनों के साथ जो हुआ है, उसका बदला लेंगे। हर चोट का जवाब वोट से देना है।*

## मुख्यमंत्री ने की केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से सौजन्य मुलाकात की। सोलर होमलाइट से कोंटा के दूरस्थ गांवों के बच्चों में फैलेगा शिक्षा का उजियारा सरकार की जनता के प्रति संवेदनशीलता हर दिन के कार्यकलापों की बारीकियों में दिखती है। जब सुकमा जिले के कोंटा गांव से आए स्कूली बच्चे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिले तो उन्होंने बच्चों को सोलर होम लाइट उपहार में दिए।

ये बच्चों के जीवन में शिक्षा का उजियारा फैलाएंगे और बच्चों को तकनीक से जुड़ने की सीख भी देंगे कि कैसे उनकी प्राकृतिक दुनिया के साथ ही आधुनिक दुनिया भी चमत्कार से भरी है दोनों से सीखते चलें तो उज्ज्वल भविष्य का रास्ता स्वतः खुलता जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने आज राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल परिसर में सुकमा के सुदूर अंचल के 50 विद्यार्थियों को सोलर होम लाइट संयंत्र का वितरण किया।

### कथा वाचक प्रदीप मिश्रा को राज्य अतिथि का दर्जा देने की घोषणा

# राम भक्तों को अयोध्या में रामलला का कराया जाएगा दर्शन : मुख्यमंत्री साय




**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुंगेली के ग्राम चलान (चातरखार) में आयोजित 108 महाकुण्डीय यज्ञ, श्री शिव महापुराण एवं विराट संत सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने व्यासपीठ पर विराजमान प्रसिद्ध शिव महापुराण कथा वाचक श्री प्रदीप मिश्रा का अभिनंदन किया और उन्हें नमन कर आशीर्वाद लिया।



साथ ही शिव महापुराण आरती में शामिल होकर प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कथा वाचक श्री मिश्रा को राज्य अतिथि का दर्जा देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि मुंगेली जिले में 108 महाकुण्डीय यज्ञ श्री शिव महापुराण एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। जिसमें आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती है, भगवान राम हमारे भांचा है। अयोध्या में 22 जनवरी को जब नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई, तो सबसे अधिक उत्साह छत्तीसगढ़ में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत सरकारी खर्चे से रामभक्त अयोध्या में भगवान राम का दर्शन करेंगे। 05 मार्च को रायपुर से अयोध्या के लिए ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास करके छत्तीसगढ़ की जनता ने हमारी सरकार बनाई है, उस पर खरा उतरने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि आज हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि मुंगेली की इस धरती में इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। भोले बाबा की महिमा से बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए हैं, इससे ऐसा लग रहा है कि महाशिवरात्रि की शुरुआत हो गई है। स्थानीय विधायक श्री पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि भ क्ति की भावना से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। संत समागम में साध्वी ऋम्बरा जी, राजीव लोचन दास जी महाराज, साध्वी पुष्पांजली जी, शैलेषानंद जी महाराज सहित देश के विख्यात संत शामिल हुए। इस अवसर पर खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा, संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी, कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव खारिज

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता सत्यनारायण ठाकुर के विरूद्ध 21 फरवरी दिन बुधवार को लाया गया अविश्वास प्रस्ताव कोरम के अभाव मे खारिज हो गया। भाजपा द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव मे उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर सहित कुल 8 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया मे भाग नहीं लिया फलस्वरूप उनके विरूद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष मे भाजपा समर्थित 13 लोग हीं उपस्थित हुये प्रक्रिया के परिपालन मे पर्याप्त कोरम व संख्या बल नहीं होने से प्रस्ताव खारिज हो गया इसके पूर्व भी सरिता सत्यनारायण ठाकुर के विरूद्ध 15 जनवरी 2024 को पहली बार अविश्वास का प्रस्ताव लाया गया था इस तरह दूसरी बार भी अविश्वास प्रस्ताव लाने वालो को असफलता हाथ लगी है। उक्त प्रक्रिया के निष्पादन के बाद कांग्रेस नेता सत्यनारायण ठाकुर ने कहा है कि जब से प्रदेश मे भाजपा की सरकार आई है तब से कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों को प्रताड़ित करने के उद्देश्य से शासन का भय दिखाकर अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है जिसमे प्रशासनिक अधिकारी राज नेताओं के दबाव मे कार्य कर रहे है भाजपा के उक्त क्रियाकलाप को देखते हुये कांग्रेस नेता जितेन्द्र ठाकुर, दीपक बैज, मोहन मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर, परमेश्वर यदु, रेणुका अभिनव यदु, सुमित्रा घृतलहरे, रमेश घृतलहरे, भूपेन्द्र विक्रांत साहू, शेख अलीबुद्दीन खान, विधायक संदीप साहू, विधायक इंन्द्र साव ने संयुक्त रूप से भाजपा के द्वारा लाये गये प्रस्ताव का खुलकर विरोध किया फलस्वरूप जिला पंचायत के 8 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया मे भाग ही नहीं लिया। उक्त स्थिति के बाद पर्याप्त कोरम व संख्या बल के अभाव मे उपरोक्त अविश्वास प्रस्ताव को प्रशासनिक अधिकारियों ने खारिज कर दिया है। कांग्रेस नेता सत्यनारायण ठाकुर ने आगे कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की इस प्रकार की हरकत को आगे भी लोकसभा चुनाव मे एकजुटता के साथ मुंहतोड़ जवाब देते हुये कांग्रेस को विजयी बनाने के लिये सभी कांग्रेसी एकजुटता से काम करेंगे।

# ईतवारी राम यादव स्कूल में शीघ्र पठन कौशल प्रतियोगिता संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** ईतवारी राम यादव हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्राथमिक व माध्यमिक स्तर पर शीघ्र पठन कौशल का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीमती एस. कंवर व सुश्री जेनिफा लकड़ा के द्वारा पैराग्राफ पठन कराया गया। उक्त प्रतियोगिता मे प्राथमिक स्तर पर हिन्दी में प्रथम स्थान कुमारी दिशा साहू, द्वितीय प्रवीण साहू, अंग्रेजी में प्रथम स्थान गोविंद शर्मा, द्वितीय जैस्मिन घृतलहरे, पूर्व माध्यमिक स्तर पर हिन्दी में प्रथम स्थान कुणाल साहू, द्वितीय राहुल साहू, अंग्रेजी में प्रथम स्थान लक्ष्य साहू, द्वितीय निहाल घृतलहरे रहे। हायर सेकेंडरी स्कुल के प्रभारी प्राचार्य गंगा प्रसाद वर्मा के द्वारा विजयी छात्रों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर देवलाल बघमार, रामचन्द्र ध्रुव, गोवर्धन सिंग ध्रुव, गिरीश सेन, कमलेश्वर वर्मा, श्रीमती जयारानी वर्मा, नीतू साहू, जैस्मीन साय, रितेश चौबे व सालिक राम साहू सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण से की मुलाकात



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण से आज दिल्ली में मुलाकात की। श्री ओपी चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री से छत्तीसगढ़ की वित्तीय व्यवस्था के संबंध में गहन चर्चा की एवं आवश्यक सहयोग का निवेदन किया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने हेतु श्री ओपी चौधरी से हर संभव सहायता करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर ( सेंट्रल ) रुल्स 1956 के अंतर्गत ''क्रांतिरथ छत्तीसगढ़'' के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी

### घोषणा पत्र फार्म-4 ( नियम -8 )

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशक स्थल | : | कबीर नगर रायपुर |
| 2. प्रकाशक क्रम | : | पाक्षिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : | नारायण भूषणिया |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| पता | : | एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर |
| 4. प्रकाशक का नाम | : | नारायण भूषणिया |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| पता | : | एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर |
| 5. संपादक का नाम | : | नारायण भूषणिया |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| पता | : | एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर |
| 6. पत्र के मालिक, स्वामी और भागीदारी या एक प्रतिशत से अधिक पूंजी वाले हिस्सेदार | : | नारायण भूषणिया |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| पता | : | एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर |

मै नारायण भूषणिया घोषित करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी व विश्वास के अनुसार सत्य है।

नारायण भूषणिया
प्रकाशक

दिनांक - 5 मार्च 2024

# ग्राम मेंड्रा के ग्रामीणों ने पेड़ कटाई प्रकरण पर कार्यवाही न होने पर एसडीएम कार्यालय घेरने की चेतावनी दी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** कुछ माह पूर्व ग्राम पंचायत लमती के आश्रित गांव मेंड्रा के कोटवार धर्मदास मानिकपुरी द्वारा वन कानून के नियमो का उल्लंघन करते हुये 72 नग हरे भरे पेड कटवा दिये गये थे जिसकी लिखित शिकायत गांव के सरपंच दीपक कैवर्त्य व ग्रामीणों ने लिखित रूप से प्रशासन के उच्च अधिकारी व एसडीएम को की थी लेकिन उक्त प्रकरण पर 90 दिन बाद हीं कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से ग्रामवासियों ने आक्रोश प्रकट करते हुये उक्त प्रकरण पर कार्यवाही की मांग करते हुये अब एसडीएम कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है। कोटवार के खिलाफ धारा 91 व सेक्शन 68 के तहत कार्यवाही करने की मांग ग्रामीणों ने करते हुये बताया है कि उक्त संबंध मे प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को भी अवगत कराया गया है साथ हीं राजस्व मंत्री उक्त प्रकरण पर अधिकारियों को कार्यवाही के सख्त निर्देश जारी किये है उसके पश्चात भी 72 नग हरे भरे पेंड काटने वाले कोटवार के विरूद्ध अब तक ठोस कार्यवाही नहीं होने से ग्रामीणों ने नाराजगी प्रकट करते हुये शीघ्र हीं एसडीएम कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी लिखित रूप से दी है।

# एक लाफानी सोच

## (एक अमर विचार)

किसी भौतिक अस्तित्व को हमारी भौतिक आँखें देखती हैं। किसी भौतिक आवाज को हमारे जिस्म में मौजूद भौतिक कानों से सुना जा सकता है लेकिन क्या किसी रूह को अपने जिस्मानी आँख कान से देख-सुन पाना मुमकिन है ?

बेजुबान बेआँख वाले भी रूहदार होते हैं। कहते हैं जिनके हाथ नहीं होते नसीब तो उनके भी होते हैं। हाथों की लकीरों के खेल में उलझ कर हम शायद भटक गये?

कबीर का अनहद-नाद जिस्मानी-बंद-कान से सुना जा सकता है। इसी हद-अनहद को समझने के लिए, हमें दुनियावी समझ को छोड़ना पड़ता है। अल्फाजों की भौतिकता / कठोरता से इतर उनके मर्म को महसूस करना होता है। अल्फाज जिस्म की तरह हैं और उनके मायने रूह की मानिन्द ।

किसी शायर ने कहा है:-

अब लफ्जों बयाँ सब खत्म हुए, अब लफ्जों बयाँ का काम नहीं।
अब इश्क है खुद पैगाम अपना, और इश्क का कुछ पैगाम नहीं।

सूफी फकीरी दुनिया में इश्क उस सर्वशक्तिमान खालिशे-अव्वल से होता है। जिस्म, अल्फाज, आकार, सारी दुनियावी बनावट-दिखावट से बहुत ऊपर। जहाँ सारे अल्फाज तक चुप हो जाते हैं, मौन में संवाद होता है। रहता है तो बस खालिश-रूहानी इश्क।

यहाँ हम जिन फकीर का जिक्र कर रहे हैं। वे हमारे लफ्जों के दायरे से बहुत ऊपर हैं। पहले हम समझदार बनकर उनके दीदार करने जाते थे। अपनी समझदारी का अहं हमें कुछ समझने ही नहीं देता था। हमारी अपनी होशियारी बहुत बड़ी समस्या रही।

जब-तक हम उन्हें सिर्फ दुनियावी जिस्म में ढूँढ़ते रहे, जिस्मानी भागम-भाग में लगे रहे। उन्हें कैमरों व फोटो में खोजते-देखते रहे। तब-तक उनके वास्तविक दीदार से महरूम ही रहे। अपनी समझ को छोड़कर, जब हम, उनके दर पर पहुँचे, तो फिर मजा ही आ गया।

कबीर कहते हैं:-

माला कहे है काठ की, तू क्या फेरे मोय ।
मन का मनका फेर दे, तुरत मिला दूँ तोय ॥

अपने मन का मनका फेरते ही, हम, तुरत भटकन से निकल आये । उनकी, फकीरी- खूबसूरती से मुलाकात होने लगी। पहले हमें गुरुवर का केवल दुनियावी, जिस्मानी रूप ही दिखता रहा। ऊपर-ऊपर के आकर्षण-मोहकता में ही उलझे रहे।

जिस्म और रूह के फर्क का अर्थ समझ आना जरूरी था। अब हम अपने गुरु को दुनियावी आँख कान या अल्फाजों से आगे, अपनी रूह में पाते हैं। पहले हम दुनिया में गुरुवर देखते थे, अब गुरुवर में दुनिया दिखती है। किसी ने क्या खूब कहा है:-

किसी के कान में हीरा, किसी की नाक में हीरा।
मुझे हीरों से मतलब क्या, मेरा तो यार है हीरा।।
(यार=आराध्य)

अब हमारे विद्यासागर सिर्फ जिस्म ही नहीं, एक सोच का भी नाम है। एक पाक रूहानी सोच द्य प्यार की सोच । अदम - तशद्दुद ( अहिंसा) की सोच। अनादि-अनन्त, अव्वल-आखिर, हद-अनहद की सोच। एक सच्चे ज्ञान की सोच। एक लाफानी ( अनश्वर ) सोच। कभी महावीर, कभी गाँधी, आज विद्यासागर। जब से हमने गुरुवर को एक सोच में देखा। आनन्द आ गया। एक लाफानी फकीरी का मालिक, विद्यासागर हमारा मुर्शिद।

जिस्म है तो जिस्मानी बंदिशे हैं। 76 साल की उम्र में बूढ़े कदमों ने आगे बढने से इंकार कर दिया। लेकिन इस गजब हस्ती ने सिर्फ अपनी रूहानी ताकत से तंदुरूस्ती पा ली। जो कदम एक डग आगे बढ़ने से इंकार करने लगे थे, वे पग विहार करते हुये 650 किलोमीटर तक चले गये।

किसी फिलासफर ने कहा है कि चाहो तो मेरी फोटो बनाकर दीवार पर टाँग लो या फिर मेरे विचारों को अपना लो, फैसला आपका है। गुरु के निकट वह नहीं जो हर समय गुरु के पास रहता है। गुरु के निकट वह है, जो गुरु वचनों को अपने दिल के निकट रखता है एवं उन्हें जीवन में अपनाता है।

**शफीक खान 9425627305**
**डा अर्चना जैन 9301320139**

# अधिकतम मतदान के जरिये ही देश की राजनीति को सुधारा जा सकता है



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है।

**अधिकतम वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना। एक जन ांति के रूप 'भारतीय मतदाता संगठन' इस मुहिम के लिये सक्रिय हुआ है, यह शुभ संकेत है।**

इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चर्चाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषत: विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा। अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आह्वान एक क्रांतिकारी शुरुआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है। अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रुख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षों बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते। भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है कि जितने मतदाता भारत में हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं और लगभग हर साल भारत में कोई न कोई ऐसा चुनाव अवश्य होता है, जिसमें करोड़ों लोग वोट डालते हैं लेकिन अगर हम थोड़ा गहरे उतरें तो हमें बड़ी निराशा भी हो सकती है, क्या हमें यह तथ्य पता है कि पिछले 77 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जिसे कभी 50 प्रतिशत वोट मिले हों। कुल वोटों के 50 प्रतिशत नहीं, जितने वोट पड़े, उनका भी 50 प्रतिशत नहीं। गणित की दृष्टि से देखें तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ 20-25 करोड़ लोगों के समर्थन वाली सरकार क्या वास्तव में लोकतांत्रिक सरकार है? क्या वह वैध सरकार है? क्या वह बहुमत का प्रतिनिधित्व करती है? आज तक हम ऐसी सरकारों के आधीन ही रहे हैं, इसी के कारण लोकतंत्र में विषमताएं एवं विसंगतियों का बाहुल्य रहा है, लोकतंत्र के नाम पर यह छलावा हमारे साथ होता रहा है। इसके जिम्मेदार जितने राजनीति दल है उतने ही हम भी है। यह एक त्रासदी ही है कि हम वोट महोत्सव के कमतर आंकते रहे हैं। जबकि आज यह बताने और जताने की जरूरत है कि इस भारत के मालिक आप और हम सभी हैं और हम जागे हुए हैं। हम सो नहीं रहे हैं। हम धोखा नहीं खा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील करते हुए यह सही कहा कि अधिक से अधिक मतदान का मतलब एक मजबूत लोकतंत्र है और मजबूत लोकतंत्र से ही विकसित भारत बनेगा, लेकिन अब ऐसी व्यवस्था एवं तकनीक विकसित करने का भी समय आ गया है जिससे अपने गांव-शहर से दूर रहने वाले वहां जाए बगैर मतदान कर सकें।



**- ललित गर्ग**

# अमृत भारत योजना के तहत धीमी गति से चल रहा है स्टेशन में निर्माण कार्य

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। रेल्वे स्टेशन मे अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन को नये तेवर नये कलेवर मे कायाकल्प करते हुये विकसित करने का कार्य मंद गति से चल रहा है जबकि अनेक स्टेशनो मे कार्य की गति तीव्र होने से वहां पर विकास के कार्य दिख रहे है।



भाटापारा रेल्वे स्टेशन के पुर्नविकास के लिये जो योजना केन्द्र शासन द्वारा प्रस्तावित की गई है। उसमे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया मे सुधार करने प्रवेश एवं निकासी द्वार को व्यवस्थित करने पार्किंग के लिये व्यवस्थित सायकल स्टैड के साथ साथ कार पार्किंग स्थान बनाने स्टेशन एरिया मे हरित पटटी का निर्माण करने प्रथम व द्वितीय श्रेणी का प्रतीक्षालय स्टेशन के मुख्य भाग का सुधार करने रिटायरिंग रूम का निर्माण शौचालय की व्यवस्था मे सुधार तथा रेल्वे यात्रियों के लिये सूचना प्रणाली का विकास के साथ साथ यात्रियों की बैठक व्यवस्था मे सुधार जैसे अनेक कार्य के अलावा ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड सहित अनेक कार्य प्रस्तावित है लेकिन मौजूदा समय मे स्टेशन मे अमृत भारत योजना के तहत किये जा रहे कार्य की गति कछुआ चाल से चल रहीं है जबकि कुछ माह पूर्व बिलासपुर रेल्वे जोन के महाप्रबंधक के भाटापारा आगमन पर जो तत्परता कार्य के दौरान दिखाई गई थी वह उनके भाटापारा से वापस जाते हीं मंद गति से चल रहीं है गिनती के मजदूर निर्माण कार्य मे लगे हुये है जिससे स्टेशन विकास का कार्य धीमी गति से हो रहा है क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने शीघ्र हीं स्टेशन विकास के कार्यगति को बढाने एवं अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन को विकसित करने की पुरजोर मांग पुनरू दोहराई है।

# भाटापारा अधिवक्ता संघ के अनिल बने नये अध्यक्ष



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्थानीय अधिवक्ता संघ के नये चुनाव मे अध्यक्ष पद पर अनिल मिश्रा ने जीत दर्ज की है उन्होने शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न चुनाव मे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रूपेन्द्र साहू को पराजित किया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर तरूण टंडन विजयी हुये उन्होने प्रवीण शुक्ला को मतदान प्रक्रिया मे पराजित किया सचिव पद पर निर्विरोध निवार्चन हो गया जिसमे सुरेश यदू सचिव निर्वाचित हुये वहीं सह सचिव नरेन्द्र साहू पुस्तकालय प्रभारी सुरेश टंडन, मिडिया प्रभारी कमलेश पांडे, क्रीडा सचिव आनंद शर्मा, सांस्कृतिक सचिव एमडी घृतलहरे बनाये गये। कोषाध्यक्ष पद के चुनाव मे दिलीप यदू ने संजय केशरवानी को पराजित किया। अनिल मिश्रा के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर समाजसेवी डॉ.अरूण छाबड़ा, अधिवक्ता सूरज शर्मा, नरेन्द्र यदू, माधव साव, विजय केशरवानी, सुमित साहू, आनंद शर्मा, सुरेश टंडन व प्रवीण शुक्ला सहित अन्य लोगों ने उन्हे व उनकी नई टीम को बधाई दी है।

# विकसित भारत कार्यक्रम में सांसद सोनी व शिवरतन शामिल हुये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण मे विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विडियों कार्फ्रेस का प्रसारण किया गया जिसमे क्षेत्रिय सांसद सुनील सोनी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा अपने समर्थको के साथ वर्चुअल रूप से मोदी के विडियो कार्फ्रेस मे जुडे उक्त अवसर पर मोदी ने छत्तीसगढ मे 34427 करोड़ रूपये के अनेक विकास परियोजनाओं का उदघाटन एवं शिलान्यास किया। उक्त अवसर पर उन्होने छत्तीसगढ राज्य के निर्माण के बाद गरीब, किसान, युवा और नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिये केन्द्र व भाजपा द्वारा किये गये कार्यो का उल्लेख किया और कहा कि छत्तीसगढ मे 35 हजार करोड़ रूपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण होने से छत्तीसगढ मे नये नौकरी के रास्ते खुलेंगे उन्होने एनटीपीसी के 1600 मेगावाट के पावर प्लांट को राष्ट्र को समर्पित करते हुये कहा कि इस प्लांट से देशवासियों को सहज रूप से बिजली उपलब्ध हो पायेगा। उन्होने कांग्रेस की राजनीति की दशा और दिशा का उल्लेख करते हुये कहा कि कांग्रेस मे परिवारवाद भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का बोलबाला होने से कांग्रेस आगे की सोंच नहीं पाती इसलिये आज वह दूर्दिन की अवस्था मे है। सांसद सुनील सोनी ने उपस्थित आम नागरिकों को संबोधित करते हुये कहा कि डबल इंजन की सरकार अपनी गारंटी को पूरी कर रहीं है लोगों से किये गये वादे के अनुरूप 2 वर्ष का बोनस प्रदान किया जा चुका है। कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने संबोधित करते हुये कहा कि मोदी की गारंटी के सभी कामो को पूरा करने के लिये प्रदेश मे विष्णुदेव सरकार कटिबद्ध है इसके तहत सरकार बनने के कुछ समय के अंदर हीं 18 लाख से अधिक आवास स्वीकृत किये गये है हीं 3716 करोड़ रूपये की राशि बोनस के रूप मे किसानो को दी गई है। किसानो को धान की कीमत 3100 रूपये प्रति क्विंटल का वादा भी शासन ने पूरा किया हे विवाहित महिलाओं को प्रतिवर्ष 12 हजार रूपये देने का वादा भी सरकार पूरा करने जा रहीं है। उपरोक्त कार्यक्रम मे कलेक्टर चंदन कुमार के अलावा राकेश तिवारी, गोलू यदू, धनेश माधवानी, राजा कामनानी, डब्ल्यूसिंग ठाकुर, पवन वर्मा, उमाशंकर वर्मा, संजय शुक्ला, सजीवन साव, चंन्द्रप्रकाश साहू, प्यारे रजक, सलीम खान, आशीष जायसवाल, आशीष टोड़र, सुखदेव यदू, उमाशंकर वर्मा, पवन वर्मा, नीरा साहू व मोहन बांधे सहित तमाम विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं हितग्राहीं तथा लाभार्थी बडी संख्या मे उपस्थित थे।

# बीईओ ने किया विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण, एचएम को नोटिस जारी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामजी पाल एवं एबीईओ भास्कर चंद देवांगन द्वारा विकासखंड के प्राथमिक शाला सुरखी, पूर्व माध्यमिक शाला सुरखी, प्राथमिक शाला परसवानी, पूर्व माध्यमिक शाला परसवानी, पूर्व माध्यमिक शाला अकलतरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। परसवानी विद्यालय के बच्चो की अपरान्ह 3 बजे छुट्टी कर दी गई थी व शिक्षक अनुपस्थित मिले। जिस हेतु प्रधान पाठक को शो काज नोटिस जारी किया गया साथ ही अनुपस्थित शिक्षको के लिये भी कारण बताओ सूचना जारी कर 3 दिवस में जवाब मांगा गया। बीईओ पाल द्वारा जानकारी दी गई कि शालाओं का निरंतर निरीक्षण संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक एवं ब्लाक मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा जारी रहेगा। विद्यालय का संचालन निर्धारित समय पर किया जावे तथा अध्यापक विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम का रिवीजन पूर्ण कर आगामी परीक्षा हेतु तैयारी करावे।

# बिल्डिंग मटेरियल्स के भाव आसमान छू रहे हैं

## बढती महंगाई से अब आवास बनाना आसान नहीं




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। आम नागरिको के लिये अपना स्वयं का आवास बनाना अब आसान नहीं रहा क्योकि बिल्डिंग मटेरियल्स के भाव लगातार आसमानी उंचाईयों की ओर बढ रहे है। आवास बनाने के लिये उपयोग मे आने वाले ईंट का भाव लगातार बढ रहा है। भाटापारा शहर व आस पास क्षेत्र मे सैकड़ो की संख्या मे ईंट भटठो का संचालन हो रहा है उसके बावजूद इन ईंट भटठो मे निर्मित होने वाले ईंट का भाव लगातार बढते जा रहा है वर्तमान मे 12200 रूपये ट्राली पर ईंट सप्लाई किया जा रहा है।

वहीं छड के भाव 5400 रूपये प्रति क्विंटल पर बिक रहा है, गिटटी 3300 रूपये ट्रेक्टर मे गिराया जा रहा है, तो महानदी व अमेठी घाट की रेती 3000 रूपये प्रति ट्राली मे सप्लाई किया जा रहा है बिल्डिंग मटेरियल के बढते भाव के बीच सीमेंट के भी भाव पहले की तुलना मे बढ गये है बाजार मे दर्जनभर अलग अलग कंपनियो के सीमेंट बिक रहे है जिसमे अल्ट्राटेक सीमेंट की बोरी 320 रूपये की दर पर बिक रहीं है वहीं मुरम बोल्डर के भी भाव लगातार बढ रहे है जिससे मकान बनाना आसान काम नहीं रह गया है। बिल्डिंग्स मटेरियल के अलावा मजदूरो के पारिश्रमिक तथा रेजा कुली के साथ साथ राजमिस्त्रीयों के पारिश्रमिक वर्तमान मे बढ गये है राजमिस्त्री जहां 450 रूपये से 500 रूपये तक अपनी मजदूरी ले रहे है वहीं रेजा 270 रूपये 300 रूपये तक तथा कुली मजदूर 300 रूपये से 350 रूपये तक पारिश्रमिक ले रहे है। रेल्वे स्टेशन के पास चावड़ी मे पहुंचने पर रेजा, कुली, मजदूर व मिस्त्री के भाव और भी ज्यादा है जिससे यह प्रतीत होता है कि अब स्वयं का आवास निर्माण करना कोई मामूली काम नहीं है महंगाई की बढती हुई इस दौर मे आवास निर्माण काफी महंगा हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच दिवसीय योग शिक्षा उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन




**भाटापारा।** राज्य शैक्षणिक अनुसंधान परिषद के तत्वाधान मे पांच दिवसीय योग शिक्षा उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे भाटापारा ब्लाक के ग्राम लमती के शिक्षक डॉ.कन्हैया लाल साहू ने भाग लिया उनके साथ छत्तीसगढ के 91 अन्य शिक्षक शिक्षिका भी शामिल हुये। कन्हैया साहू के उक्त उपलब्धी पर ग्राम लमती सहित ब्लाक के अन्य शिक्षकों सामाजिकजनों एवं मित्रो ने उन्हे बधाई दी है।

### इन्द्र साव ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया



**भाटापारा।** विधायक इन्द्र साव ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धोबनी मे अपने विधायक निधि से स्वीकृत सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया इसके अलावा इन्द्र साव ने ग्राम नवागांव मे जनपद पंचायत सदस्य निधि से स्वीकृत रंग मंच के लिये भी भूमिपूजन कार्य का शुभारंभ किया। उपरोक्त अवसर पर जनपद सदस्य निधि कोमल टंडन, रवि साहू, हेमलाल साहू, वासु साहू, शैली भाटिया, मोहन साहू, भीखम साहू, लखन साहू व हिरेन्द्र कोशले सहित बडी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति के लिये जागरूकता अभियान



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** पुलिस प्रशासन द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश पर नशा के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है इसी के तहत अवैध रूप से शराब बेचने वाले अवैध महुआ शराब बनाने वाले अवैध प्रतिबंधित नशीली दवाई बेचने वालो पर पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। पुलिस प्रशासन द्वारा नशे की दुष्प्रभावों की जानकारी आमजनो तक पहुंचाने के उद्देश्य से दीन दयाल उपाध्याय वार्ड मेहता नगर मे चलित थाने का आयोजन किया गया जिसमे पुलिस प्रशासन द्वारा नशा से होने वाले नुकसान व नशे के कारण शरीर मे होने वाली विभिन्न बिमारियों तथा नशे के कारण परिवार मे बिखराव एवं किस प्रकार नशे के कारण एक सुखी संपन्न परिवार नष्ट होता है इसी विस्तृत जानकारी लोगों तक पहुंचाई गई। उक्त अभियान मे योगिताबाली खापर्डे के अलावा पुलिस प्रशासन के संघर्ष तिवारी, जसवंत ठाकुर, जागेश्वर ध्रुव, उमेश चंन्द्रवंशी, अजय साहू, धनंजय देवांगन, सुरेश गुप्ता, राहुल ध्रुव के अलावा शहर व ग्रामीण थाना के लोग शामिल थे।

# शिवरतन ने सामूदायिक भवन का सूरजपुरा व धनेली में किया लोकार्पण



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ग्राम सूरजपुरा एवं धनेली मे नवधा रामायण का आयोजन किया गया जिसमे प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा विशेष रूप से शामिल हुये। इस दौरान उन्होने ग्राम धनेली के रंग मंच तथा ग्राम सूरजपुरा के सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुये शर्मा ने कहा कि हमे श्रीराम के जीवन गाथा से प्रेरणा लेकर समाज व परिवार मे व्याप्त बुराईयों एवं कुरीतियों को दूर करना है। उन्होने नवधा रामायण आयोजन परंपरा की सराहना करते हुये कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गांव मे शांति सदभाव भाईचारा बढता है

वहीं लोगों का रूझान भक्ति मार्ग की ओर होता है। प्रदेश की विष्णुदेव सरकार छत्तीसगढ के प्रत्येक गांव के विकास के लिये कार्य कर रहीं है भाजपा सरकार किसान मजदूरो की सरकार है सरकार की नीति यह है कि किसान मजदूर गरीब को खुशहाल बनाया जाये तभी क्षेत्र व गांव का विकास सहीं मायने मे हो सकेगा। छत्तीसगढ मे संत कबीर दास व गुरू घासीदास जैसे संतो का प्रमुख धर्म स्थल को सुव्यवस्थित करने एवं वहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के हित मे अनेक कार्य शासन द्वारा स्वीकृत किये गये है। शिवरतन ने आगे कहा कि क्षेत्र वासियों को कबीर दास जी के बताये सत्य के मार्ग तथा बाबा घासीदास के सतनाम संदेश को क्षेत्र के जन जन तक पहुंचाये जाने की आवश्यकता है। उक्त अवसर पर बडी संख्या मे पंच, सरपंच व ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

# दामाखेड़ा का नये नामकरण का लोगों ने किया स्वागत



**भाटापारा।** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख धर्म स्थल दामाखेड़ा के प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दामाखेड़ा को कबीर धर्म नगर के रूप मे पहचान दिये जाने की घोषणा का क्षेत्र वासियो ने स्वागत करते हुये इसके लिये राज्य शासन का आभार प्रकट किया है। 120 वर्ष से भी अधिक पुराने दामाखेड़ा कबीरपंथ समाज का एक प्रमुख स्थल रहा है जहां लोगों को मार्गदर्शन व ज्ञान की प्राप्ति लगातार हो रहा है। कबीर नगर के रूप मे दामाखेड़ा का नये नामकरण किये जाने पर विधायक इंन्द्र साव, अशोक साहू, संतोष साहू लालू, महेन्द्र साव, नानू साहू, तामेश्वर साहू, हेमंत साहू, मनीष साहू, हरीश साहू, कमल साहू, रामलाल साहू, संतोष साहू सहित अन्य सामाजिक प्रमुखों ने आभार प्रकट किया है।

## ट्रेन स्टॉपेज के विषय पर सांसद सोनी ने कन्नी काटी



**भाटापारा।** कृषि उपज मंडी प्रांगण में शनिवार को आयोजित विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में शामिल होने आये क्षेत्रीय सांसद सुनील सोनी ने पत्रकारों द्वारा जनता से जुड़े ट्रेन स्टॉपेज के विषय में चर्चा करने से बचते हुये कन्नी काट ली। विदित हो कि भाटापारा क्षेत्र की जनता को पिछले 5 साल से 1 भी ट्रेन का स्टॉपेज नही मिला।

# इन्द्र साव के साथ विधानसभा की कार्यवाही देखने पहुंचे बुजुर्ग



**भाटापारा।** क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव की पहल पर नगर के सेवानिवृत्त शिक्षकों का एक दल आज विधानसभा सत्र की कार्यवाही देखने रायपुर पहुंचा जिसमे रघुनाथ प्रसाद पटेल, दिलीप सिंग बिसेन, कमल नारायण यदू, परेटन साहू सहित अनेक लोग शामिल थे। इस दौरान विधायक इंन्द्र साव ने उनका भरपूर साथ दिया।

# भाटापारा नगर पालिका में 2 करोड़ रूपये से अधिक का जल शुल्क बकाया

## ज्यादातर बकायादार रसूखदार साथ हीं अवैध नल कनेक्शन की बाढ़

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

***भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी नगर पालिका मे अव्यवस्था के चलते एक लंबे समय से शहर मे जलकर की भारी भरकम राशि की वसूली नहीं हो पा रहीं है इसके लिये जहां राजनीतिक इच्छा शक्ति कमजोर है वहीं प्रशासनिक व्यवस्था भी लचर होने से पालिका का राजस्व लगातार गिरते जा रहा है।*



पालिका सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवनाथ नदी टोहड़ी घाट से शहर मे सन 1935 से जल प्रदाय व्यवस्था चालू है जिससे लोगों को सुबह और शाम दो वक्त पेयजल की आपूर्ति की जा रहीं है। शहर मे संपत्ती कर पटाने वालो के पास सामान्य नल कनेक्शन है वहीं भागीरथी नल जल योजना के तहत भी लोगों को जलापूर्ति की जा रहीं है। वर्तमान मे पालिका प्रशासन को लोगों से लगभग 2 करोड़ रूपये से अधिक की राशि वसूली करना है यह राशि एक लंबे समय से लोग पालिका के जल विभाग मे जमा नहीं कर रहे है जिससे पालिका की वित्तीय स्थिति चरमरा गई है बताया जाता है जलकर के बडे बकायादारों मे अनेक रसूखदार भी शामिल है जो एक लंबे अवधि से जल शुल्क अदा नहीं कर रहे है पालिका क्षेत्रांतर्गत वर्तमान मे भागीरथी नल जल योजना के तहत लगभग 1600 से अधिक नल कनेक्शन है वहीं सामान्य रूप से नल कनेक्शन संपूर्ण वार्ड मे 2400 कनेक्शन वैध रूप से दर्ज है लेकिन पिछले कुछ वर्षो मे राजनीतिक दखलंदाजी के चलते व पालिका अधिकारी की निष्क्रीयता के कारण संपूर्ण शहर के 31 वार्डो मे अनेक लोगों ने लगभग ढाई से तीन हजार अवैध कनेक्शन खींच रखे है जिससे पालिका को भारी भरकम राजस्व की क्षति पहुंच रहीं है। शहर मे अवैध रूप से नल कनेक्शन लेने वालो मे ज्यादातर नेता किस्म के लोग है जो कि एक एक घर मे तीन से चार अवैध नल कनेक्शन रखे हुये है अवैध नल कनेक्शन को विच्छेद करने का साहस पालिका प्रशासन के पास नहीं है जिसके कारण संपूर्ण शहर मे सुरसा की मुंह की तरह अवैध नल कनेक्शन लगातार बढते जा रहे है एक ओर जहां सामान्य आदमी अपनी खून पसीने की गाढी कमाई का हिस्सा जल शुल्क के रूप मे अदा कर रहे है वहीं दूसरी ओर मुफ्तखोर अवैध नल कनेक्शनधारी जल शुल्क की चोरी कर रहे है और चोरी का पानी पी रहे है जिससे प्रदेश की सबसे बडी भाटापारा नगर पालिका की वित्तीय स्थिति को भारी नुकसान पहुंच रहा है। नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने शहर मे अवैध नल कनेक्शनधारियों के कनेक्शन को विच्छेद करने की मांग करते हुये कहा है कि बडे बकायादारो के विरूद्ध सख्ती से जल शुल्क की वसूली की कार्यवाही की जाये ताकि पालिका व शहर की विकास की धारा पटरी पर आ सके।




# शीघ्र पठन कौशल प्रतियोगिता का आयोजन



**भाटापारा।** संकुल स्त्रोत केन्द्र खपरी एस में प्राथमिक स्तर व माध्यमिक स्तर का शीघ्र पठन कौशल का प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें निर्णायक श्रीमती लीना टांक व श्रीमती विद्या देवांगन के द्वारा पैराग्राफपठन का कार्य कराया गया। प्राथमिक स्तर पर हिन्दी में प्रथम स्थान गिरवर साहू, द्वितीय स्थान पिंकी पाल, तृतीय स्थान भानूप्रताप निषाद, पूर्व माध्यमिक स्तर पर हिंदी में प्रथम स्थान रूद्र कुमार ध्रुव, द्वितीय स्थान कुमकुम साहू, तृतीय स्थान रितु साहू, अंग्रेजी में प्रथम स्थान रितु साहू, द्वितीय स्थान रुद्र कुमार ध्रुव, तृतीय स्थान कावेरी साहू रहे। संकुल स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो को मेडल व प्रशस्ति पत्र संकुल प्राचार्य शिवकुमार सोनी द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रीमती जे आशा, श्रीमती संतप्यारी ध्रुव, देवसिह ध्रुव, प्रफुल्ल रजक, जीवन लाल वर्मा, ईश्वर साहू, हुक्मचंद ध्रुव, सुनील सपहा, शत्रुघन लाल बंजारे, वेदप्रकाश वर्मा, गौरी खैरवार व उदल सिंह ध्रुव सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# 111 जोड़े महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर में रूद्राभिषेक करेंगे

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आगामी 8 मार्च को शिवरात्रि महापर्व को लेकर शहर व क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों मे आकर्षक रंग रोगन व साज सज्जा का कार्य प्रारंभ हो गया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर मे विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। जिसमे भगवान शिव के आकर्षक वेषभूषा मे कलाकार अपना मनमोहक प्रदर्शन करेंगे शिव की बारात मे बाराती भी अनेक रूपों मे शामिल होंगे। शाम साढे पांच बजे महासती मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी जो पंचायती मंदिर, गोविंद चौक, सदर बाजार, राम सप्ताह चौक, आजाद चौक, जय स्तंभ चौक व फौव्वारा चौक होते हुये महाकाल मंदिर पालिका परिसर के पास जाकर समाप्त होगी। महाकाल मंदिर मे महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है इसी दिन रात्रि आठ बजे सरस्वती शिशु मंदिर मंडी रोड़ स्थित मंगल भवन मे थान खम्हरिया के आचार्य ओमप्रकाश जोशी व जितेन्द्र तिवारी के कुशल मार्गदर्शन मे 111 जोड़ो द्वारा शिव शंकर के पार्थिव शिवलिंग का पूजन एवं रूद्राभिषेक का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। पार्थिव शिवलिंग पूजन रूद्राभिषेक मे बैठने वाले जोडो के लिये पूजा की समस्त सामाग्री की व्यवस्था आयोजको द्वारा निरूशुल्क रूप से की गई है। उपरोक्त रूद्राभिषेक मे भाटापारा के अलावा रायपुर भिलाई सहित अन्य शहरो के कई जोड़ो के लोग उपस्थित रहेंगे। उक्त आयोजन को लेकर लोगों मे अभी से भरपूर उत्साह बना हुआ है। आयोजन से जुडे मुकेश बालानी, विपिन अग्रवाल, गोपाल पुरोहित, दीपक मल, रामजी जोशी, रवि गुप्ता, प्रकाश शर्मा, धनंजय गुप्ता, विनय ठाकुर, मोनू मल, दिनेश सचदेव, नंनद शर्मा, बृजकिशोर अग्रवाल व हरगोपाल शर्मा सहित अनेक लोग उक्त कार्यक्रम की तैयारी मे पूरी तन्मयता से जुटे हुये है।



# डिग्गी नाला पर 77 वर्ष बाद भी उच्च स्तरीय पुल नहीं बन पाया

## जनप्रतिनिधि केवल वोट की राजनीति तक ही सीमित है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। क्षेत्र मे इस वर्ष राज्य शासन द्वारा घोषित बजट मे एक ओर जहां शिवनाथ नदी सेमरिया घाट पुल पर पुराने पुल के स्थान पर नये पुल निर्माण का प्रावधान किया गया है जिससे वर्षो पुरानी समस्या का निदान आने वाले वर्षो मे होने की संभावना है।



**लोगों में नेताओं के प्रति भारी नाराजगी व्याप्त है**

वहीं एक अन्य प्रमुख मार्ग भाटापारा सुहेला मार्ग पर शहर से 8 किलोमीटर दूर स्थित डिग्गी नाला पर आजादी के 77 वर्ष बाद भी पुल निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के लोगों मे नेताओं के प्रति भारी नाराजगी व्याप्त है यह ज्ञात रहे कि भाटापारा सुहेला मार्ग पर डिग्गी नाला मे अक्सर प्रथम बरसात से हीं बाढ के हालात उत्पन्न हो जाते है जिससे भाटापारा का सड़क संपर्क अनेक गांव से टूट जाता है जिसके चलते व्यवसायिक, शैक्षणिक, चिकित्सीय एवं रोजी रोजगार हाट बाजार सहित अन्य कार्यो से आने जाने वाले लोगों को भारी मुसीबतों से जूझना पड़ता है बताया जाता है डिग्गी नाला के जिस डूबान वाले क्षेत्र मे उच्च स्तरीय पुल निर्माण की दरकार है वह क्षेत्र भाटापारा से महज 8 किलोमीटर दूर है लेकिन राजनीतिक तौर पर वह क्षेत्र बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र का अंतिम गांव भाटापारा की ओर से पड़ता है जिसके कारण बलौदाबाजार के निर्वाचित जनप्रतिनिधि उक्त अहम समस्या की ओर ध्यान नहीं दे पा रहे है हालांकि वोटरों का हिसाब किताब करने मे नेता आगे रहते है लेकिन पुल निर्माण की महत्वपूर्ण बात को चुनाव बीतने के साथ हीं वे भूल जाते है फ्लस्वरूप डिग्गी नाला पर एक लंबे समय बाद भी उच्च स्तरीय पुल निर्माण नहीं हो पा रहा है जबकि इस मार्ग मे ग्रासिम सीमेंट, लाफार्ज सीमेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, श्री सीमेंट सहित आधा दर्जन से अधिक सीमेंट कंपनी स्थित है जिनके भारी वाहन भाटापारा सुहेला मार्ग पर सैकड़ो की तादाद मे दौड़ रहे है इस मार्ग मे भाटापारा का जीवंत संपर्क डिग्गी, खपरी, फरहदा, टेकारी, रानी जैराद, सुहेला, बासीन, सिनोधा, भंवरगढ, लोहारी, भोथीडीह, बिटकुली, नवापारा, हिरमी, कुथरौद, भटभेरा, बुडगहन, रावन, खपराडीह, झीपन व पड़कीडीह सहित अन्य गांव से निरंतर बना हुआ है लेकिन बरसात मे उक्त सभी गांव का सड़क संपर्क डिग्गी नाला मे बाढ आ जाने के कारण टूट जाता है जिससे लोग आये दिन परेशान रहते है जनहित मे प्राथमिकता से डिग्गी नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की दिशा मे जनप्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिये ताकि भाटापारा सुहेला मार्ग पर बारहमासी यातायात बिना बाधा के चल सके इस मार्ग से हीं होकर खरोरा व रायपुर जाने का शार्ट कट मार्ग भी है वहीं इसी मार्ग से आरंग, चंपारण, राजिम, सिरपुर व महासमुंद जाने के लिये लोग इसी रास्ता को शार्ट कट के रूप मे अपनाते है जनहित मे डिग्गी नाला पर उच्च स्तरीय पुल प्राथमिकता से शासन बनावें।

**आने जाने वाले लोगों को भारी मुसीबतों से जूझना पड़ता है**

---

### दो दो मुख्यमंत्रियों की घोषणा के बावजूद अपर कलेक्टर कार्यालय भाटापारा में प्रारंभ नहीं हो पाया

# नागरिकों में भारी आक्रोश कहा मंत्रियों से भरोसा उठा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे पूर्व मुख्यमंत्रियों की घोषणाओं पर अमल नहीं होने से लोगों का विश्वास अब मंत्रियों व नेताओं से उठते जा रहा है। उक्त संबंध मे प्रबुद्ध नागरिकों ने बताया है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंग ने अपने ग्राम तरेंगा के प्रवास के दौरान भाटापारा मे अपर कलेक्टर का कार्यालय प्रारंभ करने की घोषणा की थी वहीं प्रदेश के निवृत्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी निपनिया व कड़ार की आम सभा मे सार्वजनिक रूप से भाटापारा मे अपर कलेक्टर का मुख्यालय प्रारंभ करने की घोषणा की थी दो दो मुख्यमंत्रियों के घोषणा के बावजूद आज तक भाटापारा मे अपर कलेक्टर कार्यालय नियमित रूप से प्रारंभ नहीं हो पाया है जो कि एक शर्मनाक विषय है यहां यह बताना लाजिमी है कि तहसील कार्यालय के



सामने एक लंबे समय से अपर कलेक्टर कार्यालय का भवन बनकर तैयार हो गया है व देख रेख एवं अपर कलेक्टर स्थाई रूप से नियुक्त नहीं होने एवं अपर कलेक्टर कार्यालय के लिये पर्याप्त लिपिक, भृत्य व अन्य स्टाफकी नियुक्ति नहीं होने से वह भवन धीरे धीरे खंण्डहर मे तब्दील होने की ओर आगे बढ रहा है क्षेत्र के लोगों ने तत्काल उक्त अपर कलेक्टर कार्यालय को रंग रोगन कर वहां पर स्थाई रूप से अपर कलेक्टर पदस्थ करने की मांग फिर से की है।

---

# सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल का फैलाव लोग हो रहे हैं चोटिल व हलाकान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर मे इन दिनो तमाम प्रमुख सड़को पर खुलेआम बिल्डिंग मटेरियल सामाग्री रखे जाने के कारण यातायात लगातार अवरूद्ध हो रहा है वहीं बिल्डिंग मटेरियल से लोग गिरकर चोटिल भी हो रहे है। नगर के प्रमुख मार्ग गौरवपथ स्टेशन रोड़ सदर वार्ड, रामसप्ताह चौक, सिनेमा लाईन, हटरी बाजार, बस स्टैड क्षेत्र, मंडी मार्ग सहित अन्य गली मोहल्लों के सड़को पर खुलेआम ईंट, रेती, गिटटी, सीमेंट, मुरम व छड़ के अलावा डिस्मेंटल किये गये भवन के सामाग्री रखे जाने की गलत परंपरा के कारण शहर मे सड़क यातायात लगातार बाधित हो रहा है इस दिशा मे प्रशासन से जुडे लोगों द्वारा ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण उक्त बिल्डिंग मटेरियल



के सड़क पर फैलाव होने से आने जाने वालो को दिक्कतो से जूझना पड़ रहा है वहीं दुपहिया वाहन सवार अक्सर रेत से फिसलकर चोटिल हो रहे है एक लंबे समय से इस प्रकार की प्रवृत्ती सड़क पर देखने को मिल रहीं है इस संबंध मे पालिका प्रशासन द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं किये जाने से लोगों मे नाराजगी व्याप्त है कि आखिर भाटापारा शहर मे प्रशासन नाम की कोई चीज है कि नहीं जिसे देखो वह सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल को कई कई महीनो तक रख देते है उपर से डिस्मेंटल किये गये ईंट व मलबा को भी कई महिनो तक रोड़ पर रखे जाने की गलत परंपरा के कारण यातायात मे लगातार बाधा उत्पन्न हो रहीं है

वहीं सड़क पर फैले रेत व मुरम मे धींगा मस्ती करते हुये आवारा पशु व सांड़ आतंक फैला रहे है जिससे आम नागरिकों का सड़क पर चलना दूभर हो गया जनहित मे प्रशासन सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल रखने वालो के विरूद्ध ठोस कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करे ताकि सड़क यातायात सुचारू रूप से चल सके।

# भाटापारा से रायपुर व बिलासपुर महज 15 रूपये के टिकट पर यात्रा कर सकेंगे यात्री जनता में हर्ष की लहर

## एक लंबी अवधि के बाद लोकल व पैसिंजर ट्रेन के यात्रियों को राहत

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। लोकसभा चुनाव के पूर्व भाटापारा क्षेत्र के रेल यात्रियों के लिये रेल प्रशासन ने राहत देते हुये लोकल व पैसिंजर ट्रेनो मे आज से तीन वर्ष पूर्व कोरोना काल के समय बढाये गये यात्री भाडे को वापस ले लिया है।




जिसके तहत शनिवार 24 फरवरी से रेल यात्रियों को अब लोकल एवं पैसिंजर ट्रेन मे विभिन्न स्टेशनो के सफर के लिये कम किराये का भुगतान करना होगा वर्तमान मे पिछले तीन वर्षो से लोकल व पैसिंजर ट्रेन के यात्रियों को रायपुर जाने के लिये 40 रूपये का जनरल टिकट खरीदना पड़ता था रेल प्रशासन द्वारा एक लंबे समय बाद पैसिंजर व लोकल ट्रेन के किराये मे राहत दी गई है जिसके तहत अब भाटापारा से रायपुर जाने के लिये मात्र 15 रूपये का भुगतान टिकट के रूप मे करना होगा वहीं दुर्ग जंक्शन के लिये भाटापारा से 25 रूपये तथा भाटापारा से राजनांदगांव जाने के लिये मात्र 30 रूपये का टिकट खरीदना होगा इसी तरह चांपा जाने के लिये यात्रियों को 25 रूपये का टिकट खरीदना होगा वहीं बिलासपुर के लिये मात्र 15 रूपये का भुगतान करना होगा निपनिया, हथबंद, तिल्दा नेवरा रेल्वे स्टेशन के लिये 10 रूपये का रेल्वे टिकट कटाकर यात्री सफर तय कर सकेंगे। इस प्रकार एक लंबे अवधि के बाद रेल भाड़ा मे रियायत मिलने से रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों के मन मे संतोष का भाव आज देखने को मिला वहीं 24 फरवरी शनिवार से स्थानीय रेल्वे टिकट बुकिंग काउंटर एवं एटीवीएम मशीन से शनिवार को विभिन्न मार्गो पर यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को रेल प्रशासन द्वारा हटाये गये किराये के हिसाब से टिकट का विक्रय किया गया जिससे रेल यात्रियों मे प्रसन्नता के भाव चेहरे पर देखे गये वहीं गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों ने रेल प्रशासन के लिये गये निर्णय को बढती महंगाई के दौर मे राहत भरा खबर बताते हुये रेल प्रशासन के निर्णय का स्वागत किया है।

# रायपुर गेवरा रोड लोकल को चालू करने की मांग

## पिछले छह महीने से दोनो दिशाओं की लोकल ट्रेन बंद है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

*भाटापारा। छत्तीसगढ राज्य मे रायपुर बिलासपुर रेल डिवीजन के बीच रेल प्रशासन रेल यात्रियों के साथ लगातार क्रूर व्यवहार कर रहा है जिससे रेल यात्री परेशान है। उक्त संबंध मे यात्रियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक लंबे समय से रायपुर से गेवरा रोड़ के बीच चलने वाली लोकल ट्रेन क्रमांक 08746 तथा 08745 गेवरा रोड से चलकर रायपुर जाने वाली लोकल ट्रेन बंद है जिसके कारण दोनो दिशाओं के हजारो रेल यात्री ट्रेन सुविधा से वंचित है।*




**यात्रियों के हित मे बंद पडे लोकल को तत्काल प्रारंभ किये जाने की जरूरत**

उक्त महत्वपूर्ण लोकल ट्रेन के बंद होने के कारण डब्ल्यू आर एस कालोनी, उरकुरा, मांढर, सिलयारी, बैकुंठ, तिल्दा नेवरा, हथबंद, भाटापारा, निपनिया, दगोरी, बिल्हा, चकरभांठा, दाधापारा एवं बिलासपुर तथा बिलासपुर के आगे गेवरा रोड़ तक यात्रा करने वाले छोटे छोटे स्टेशनो के लगभग 10 हजार से अधिक रेल यात्री पिछले छह महीने से हलाकान है कइ गंभीर मसले पर किसी भी जनप्रतिनिधियों ने जवाबदेही से ध्यान नहीं दिया है जिससे नागरिकों मे भारी आक्रोश व्याप्त है यहां यह बताना लाजिमी है कि रायपुर से दोपहर 1:50 मिनट पर गेवरा रोड के लिये उक्त लोकल ट्रेन छूटती थी वहीं वापसी मे प्रातरू 9:50 मिनट पर गेवरा रोड़ से आने वाली लोकल भाटापारा स्टेशन पर पहुंचती थी जिसमे हजारो लोग सफर करते थे वह ट्रेन एक अरसे से बंद है उक्त ट्रेन को किस कारण बंद किया गया है यह समझ से परे विषय है क्योकि रायपुर बिलासपुर के बीच रेल यात्रियों की भारी संख्या को देखते हुये उक्त दोनो दिशाओं की लोकल ट्रेन को अविलंब प्रारंभ किये जाने की जरूरत है नागरिको ने कहा है जिस तरह यात्रियों की परेशानी को देखते हुये पिछले तीन वर्षो से बढाई गई यात्री किराये को वापस लिया गया है ठीक उसी तरह यात्रियों के हित मे बंद पडे लोकल को तत्काल प्रारंभ किये जाने की जरूरत है।

# चौदह मार्च से खरमास के कारण मांगलिक कार्य पर रोक



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शुक्रवार एक मार्च से शुरू हो रहे मार्च महीने मे विभिन्न मांगलिक कार्य के लिये सीमित समय उपलब्ध है जिसमे वैवाहिक मुर्हूत के लिये एक, तीन, चार, पांच, छह, सात, नौ, ग्यारह व बारह मार्च को हीं मुर्हूत है उसके पश्चात चौदह मार्च को खरमास प्रारंभ हो जायेगा जिसके कारण मांगलिक कार्य पर फिर से विराम लग जायेगा।

मार्च महीने मे जहां विवाह के लिये सीमित मुर्हुत है वहीं गृह प्रवेश के लिये भी केवल छह मुर्हूत है जिसमे दो मार्च, छह मार्च, सात मार्च, आठ मार्च, ग्यारह मार्च एवं तेरह मार्च के लिये पंडितो ने शुभ मुर्हूत बताया है वहीं मुंडन संस्कार के लिये मार्च माह मे केवल दो मुर्हूत है जिसमे एक मार्च व आठ मार्च का दिन शुभ बताया गया है। ज्योतिष मान्यता के अनुसार शुरू हुये राशि के परिवर्तन के वर्ष मे दो मर्तबा खरमास लगता है खरमास की अवधि मे विभिन्न मांगलिक कार्य जिसमे विवाह मुंडन गृह प्रवेश जैसे तमाम कार्यो पर विराम लग जाता है इस दौरान किसी भी प्रकार के मांगलिक समारोह नहीं होते है चौदह मार्च से तेरह अप्रेल तक की अवधि मे तमाम मांगलिक कार्य नहीं हो पायेंगे जिसके मूल मे खरमास बताया जा रहा है। खरमास के दौरान पूजा पाठ व हरी भजन कीर्तन एवं वेद पूजन करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है इस प्रकार मार्च माह मे चौदह मार्च से खरमास प्रारंभ हो जायेगा।

# रविदास के बताये मार्ग पर चलने का आव्हान किया शिवरतन शर्मा ने

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्थानीय रविदास वार्ड मे रविदास मंदिर के पास अहिरवार समाज द्वारा रविदास जयंती का कार्य म आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा उपस्थित थे।

उपस्थित लोगों को उन्होने संबोधित करते हुये कहा कि रविदास के विचार आज भी प्रासंगिक है उन्होने संत रविदास के बताये हुये रास्ते पर चलकर समाज मे फैली कुरीतियों एवं बुराईयों को दूर करने का आव्हान किया।

शिवरतन शर्मा ने नहर रोड़ के समीप भूखंण्ड पर अहिरवार समाज के लिये एक भव्य सामुदायिक भवन निर्माण कराने की बात कहीं जिसमे पार्षद वैशाली शैलेन्द्र अहिरवार एवं पुरूषोत्तम यदू ने उक्त भवन का बाउंड्रीवाल अपने निधि से कराये जाने की घोषणा की। उपरोक्त अवसर पर घनश्याम रामपुरिक, अजय रामपुरिक, विरेन्द्र भांडेकर, प्रदीप कामरी, देवेन्द्र बारेकर, जेठूराम कामरी, अशोक बारेकर, शेष लांझे व मनोज बारेकर सहित बडी संख्या मे सामाजिकजन उपस्थित थे।



# नवधा रामायण समारोह में पहुंचे विधायक इन्द्र साव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** क्षेत्रिय विधायक इन्द्र साव ने शहर के रामसागर वार्ड, बजरंग वार्ड व मुंशी इस्माईल वार्ड का सघन दौरा किया इस दौरान इन्द्र साव मुंशी इस्माईल वार्ड मे चल रहे नवधा रामायण समारोह मे भी शामिल हुये वहां उन्होने कुछ छड़ बैठकर रामायण का आनंद लिया व पूजा अर्चना की इस दौरान अखंण्ड नवधा रामायण समिति के आयोजको ने नवधा रामायण मंच के उपर द्वितीय तल पर सत्संग भवन बनाने की मांग करते हुये राशि स्वीकृति का आग्रह विधायक से किया जिस पर इन्द्र साव ने सार्वजनिक मंच से द्वितीय तल के उपर सत्संग भवन बनाने की घोषणा की इस घोषणा से लोगों मे हर्ष व्याप्त है उपरोक्त कार्यक्रम मे गिरवर साहू, जगदीश ध्रुव, रामलाल साहू, चेतन देवदास, चेतनदास मानिकपुरी, जीवनदास मानिकपुरी, बंशीलाल देवदास, सोमनाथ साहू, शिव साहू, मदन सिंग ठाकुर, राजेश छाबडिया, शेष नारायण यदू, नेतराम यदू, गणेश नायडू, दीपक मानिकपुरी, कुंजु साहू, बसंत भृगु, व्यास यदू व चन्द्रशेखर चक्रधारी सहित बडी संख्या मे वार्ड वासी उपस्थित थे। उक्त जानकारी हेमंत कुमार साहू ने दी है।

# कमलाकांत इंस्टीट्यूट का वार्षिकोत्सव संपन्न




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट का दसवां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम मे रामनारायण शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष मनीष शुक्ला, सचिव श्रीमती अंजली शुक्ला एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर वंदना चौहान ने क्रमश: संबोधित करते हुये कहा कि महाविद्यालय विगत 12 वर्षो से विभिन्न शैक्षणिक विभागों के माध्यम से छात्रों की निरंतर प्रगति हेतु कार्यरत है। इसी के साथ छात्रों के कौशल विकास हेतु महाविद्यालय सतत कार्यरत। महाविद्यालय मे जरूरतमंद छात्रों को सहयोग राशि प्रदान की गई तथा समस्त विभाग के छात्र-छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिये पुरस्कृतकर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका श्यामा का विमोचन मुख्य अतिथि के करकमलों से हुआ। कार्यक्रम मे विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन किये गये जिसको बडी संख्या मे लोगों ने देखकर सराहा।

# टोनाटार में कांग्रेसजनों की हुई बैठक



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** टोनाटार मे लोकसभा चुनाव के मददेनजर कांग्रेसजनो ने कार्यकारी अध्यक्ष अशोक ध्रुव की उपस्थिति मे बैठक की। अशोक ध्रुव ने बताया कि विधायक इन्द्र साव के निर्देश पर लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिये देवरानी जोन कमेटी की बैठक ग्राम टोनाटार मे की गई बैठक को संबोधित करते ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से काम करने के लिये कार्यकर्ताओं से निवेदन किया। बैठक में संकल्प लिया गया की लोकसभा में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से भारी बहुमत से विजयी बनाएंगे। बैठक मे प्रमुख रूप से दीपक निर्मलकर, घनाराम ध्रुव, आबिद खान, सुंदर साहू, गुलशन बिजौरा, विजय निषाद, खिलावन साहू, गुलशन साहू, अमर टंडन, मिथिलेश, संतराम साहू, बालक दास, विनोद कुमार, अश्वनी ध्रुव व हबीब अहमद सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# दामाखेड़ा से लौट रहे हैं अब श्रद्धालु भाटापारा स्टेशन में भारी भीड़

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख धर्म स्थल कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा मे देश के कोने कोने से आये श्रद्धालुओं का काफिला अब भाटापारा रेल्वे स्टेशन की ओर लौटकर अपने अपने राज्यो की ओर जाने ट्रेन की प्रतीक्षा मे बैठे हुये है रविवार को हजारो श्रद्धालु उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान व ओडिसा सहित अन्य राज्यों के विभिन्न नगरो की ओर जाने के लिये भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे हजारो की संख्या मे अलग अलग दिशा की ट्रेन पकड़ने इंतजार करते नजर आये ज्यादातर श्रद्धालुओं मे महिलाओं व पुरूषो के अलावा उम्र दराज व्यक्ति एवं बच्चे बडी संख्या मे यात्री ट्रेनो की प्रतीक्षा करते बैठे रहे इस बीच तमाम यात्री ट्रेनों का विलंब से चलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।**



अप एवं डाउन दिशा की तमाम मेल एक्सप्रेस पैसिंजर ट्रेन लेट लतीफ चल रहीं है। दामाखेड़ा मेला के कारण भाटापारा रेल्वे स्टेशन से आने जाने वाली सभी ट्रेनो मे भारी भीड़ चलने की वजह से लोगों को यात्री ट्रेनो मे बडी मुश्किल से सीट मिल पा रहा है वहीं हजारो लोगों की भीड़ के कारण अनेक यात्री ट्रेन छूटने के मौके पर भी ट्रेन मे सवार नहीं हो पा रहे है अनेक यात्रियों को तो ट्रेन छूटने के बाद दूसरी ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है। कबीर पथियो के अति प्राचीन धर्म स्थल दामाखेड़ा मे पहले की तुलना मे इस वर्ष श्रद्धालुओं का भारी तादाद मे आगमन हुआ है वे अब वापस लौटने लगे है।

## दामाखेड़ा मेला के कारण भाटापारा स्टेशन में भारी भीड़ का माहौल

शहर से 22 किलोमीटर दूर कबीरपंथियों का प्रमुख आस्था का केन्द्र कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा मे आने जाने वालो का सैलाब भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे लगा हुआ है अल सुबह से देर रात तक हजारो की संख्या मे श्रद्धालु दूर दूर स्थान एवं अन्य प्रांतो से भाटापारा रेल्वे स्टेशन उतरकर दामाखेड़ा आ जा रहे है जिसके चलते भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे भारी भीड़ का नजारा देखने को मिल रहा है वहीं रेल्वे टिकट कांउटर पर टिकट लेने के लिये लंबी कतार लगी हुई है प्रायरू सभी मेल एक्सप्रेस लोकल पैसिंजर ट्रेनो मे भारी भीड़ के चलते पैर धरने की जगह नहीं है वहीं समूचे स्टेशन के अंदर व बाहर बाहर से आये श्रद्धालुओं का काफ्लिा डेरा डाले हुये विभिन्न यात्री ट्रेनो की प्रतिक्षा मे ट्रेन का इंतजार करते बैठे हुये है। रेल्वे स्टेशन से दामाखेड़ा जाने के लिये तमाम चौपहिया वाहन जिसमे बस, टेम्पो, टेक्सी, आटो सहित अन्य वाहन सैकड़ो की तादाद मे ठसाठस यात्रियों से भरकर आवाजाहीं कर रहे है कुल मिलाकर दामाखेड़ा मेला के कारण



समूचा शहर का वातावरण चहल पहल से भर गया है। वहीं भाटापारा से चलने वाली तमाम बसों जिसमे भाटापारा से पथरिया, मारो, नवागढ, करहीबाजार, सुहेला, खरोरा, नांदघाट, मउ मल्दा, मोपका, निपनिया, बलौदाबाजार व सुहेला सहित अन्य मार्ग की बसों मे भी दामाखेड़ा मेला आने जाने वालो का भीड़ होने की वजह से तमाम बसों मे यात्री खडे खडे यात्रा कर रहे है कुल मिलाकर कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा मेला की महत्वता दिनो दिन बढ रहीं है व दूर दराज प्रांत लोग भी बडी तादाद मे भाटापारा रेल्वे स्टेशन पहुंच रहे है।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि से खुशहाल हो रहे हैं किसान

**रायपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। पहले किसान आर्थिक दिक्कतों के कारण नई फसल लगाने के लिये अच्छी गुणवत्ता का बीज एवं खाद समय पर नहीं खरीद पाने के कारण भरपूर उपज नहीं ले पाते थे और खेती किसान के प्रति उलझन में रहते थे।

लेकिन अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना छत्तीसगढ़ के किसानों के जीवन में बहार लेकर आयी है और हर चार माह में मिलने वाली राशि ने उनके जीवन में खुशहाली भर दी है।

ऐसी ही कुछ कहानी है जांजगीर चांपा जिले के अकलतरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सोनसरी के किसान



जगदीश यादव की। वे खेती-बाड़ी कर अपने एवं परिवार का जीवन बसर रहे हैं एवं योजना के तहत प्राप्त धनराशि से वह आर्थिक जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। किसान जगदीश यादव बताते हैं कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत साल भर में उनके खाते में 6000 रुपये आते है।

# इन्द्र साव ने किया सिल्वा में 11 लाख रूपये के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** कांग्रेस विधायक इंन्द्र साव ने अपने ग्रामीण क्षेत्र के दौरे के दौरान विभिन्न गांव मे विधायक मद से राशि प्रदान करते हुये अनेक निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। ग्राम सिल्वा खपरी मे पांच लाख रूपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड़ का उन्होने भूमिपूजन किया। इसी तरह शासकीय हाई स्कूल मे अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिये छह लाख रूपये की राशि से निर्मित होने वाले कार्य के लिये उन्होने शिलान्यास किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की समस्या को प्राथमिकता से हल



करना उनका मुख्य उददेश्य है। उपरोक्त कार्यक्रम मे सुनील चौधरी, खुमेश साहू, दिलीप दास, खेमलाल, बहोरिक ध्रुव, हरि ध्रुव, उदल राम, अमरनाथ, रामलाल ध्रुव, आजूराम, बोधराम ध्रुव, खेलूराम, मयाराम, रेवाराम साहू, ईश्वर साहू व बीजूराम साहू सहित बडी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

# रायपुर में हुआ क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का समापन, खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को रायपुर में देवपुरी प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित क्रिकेट खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवा नशे से दूर रहें और अपनी ऊर्जा का जीवन को सफल बनाने वाले सकारात्मक कार्यों में उपयोग करें। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेलों से हमें प्रेरणा लेना जरूरी है। खेल अनुशासन सिखाता है। अनुशासन से टीम भावना का विकास होता है। खेलों से युवाओं का जुड़ाव यह बताता है कि क्षेत्र के युवा सही दिशा में है। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कियह बात प्रदेश केउन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में हार और जीत का दौर चलता रहेगा, हमें कभी घबराना नही है। खेल हमें सिखाता है कि जिंदगी में हार भी जरूरी है, हार से हमें अपनी गलतियों को सुधारना भी है। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू,कसडोल विधायक संदीप साहू,रायपुर ग्रामीण पूर्व विधायक नंदकुमार साहू,धरसींवा पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल,तिल्दा जनपद सभापति शिवशंकर वर्मा,अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

# वनों और वन्य जीवों के संरक्षण में जनजाति समाज की अहम भूमिका: मंत्री केदार कश्यप




**रायपुर।** वनों में रहने वाले जनजाति समुदाय ने कभी भी वनों को हानि नहीं पहुंचाई। वनों पर आधारित जीवन होने के बावजूद सीमित संसाधनों में हमारे पूर्वज जीवनयापन करते आये हैं। हमारे वनवासी और जनजाति समुदाय के लोगों ने वनों को सहेजने का कार्य किया है। प्रत्येक जनजाति समाज के घर-बाड़ी में हमें 20-25 अलग-अलग पेड़ पौधे अवश्य मिलेंगे। जनजाति समाज का प्रकृति के प्रति गहरा प्रेम है। यह बात वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में छत्तीसगढ़ बायो डायवर्सिटी बोर्ड एवं सेवावर्धिनी छत्तीसगढ़ के द्वारा 'जनजाति क्षेत्र में जैव विविधता संरक्षण एवं संवर्धन' विषय पर आयोजित कार्यशाला में कही। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि जैव विविधता व्यापक और विस्तृत विषय है, सृष्टि के आदर्श स्वरूप के लिये जैव विविधता का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, इस सन्दर्भ में गीता का एक श्लोक है 'ईश्वर सर्वभूतानां हृदये अर्जुन तिष्ठति' इसका भाव यह है कि प्रत्येक जीव में ईश्वर का वास है। इस दृष्टि से जीव जगत की विविधता ही जगत की सुंदरता है। जैव विविधता पृथ्वी की समृद्धता की परिचायक है, यह प्रकृति की विविध जीवमंडल से सम्बन्धित है। वस्तुत: जैव विविधता पौधों, जानवरों और सूक्ष्म जीव प्रजातियों के बीच के संबंध को दर्शाता है। यह पारिस्थितिकी और आर्थिक महत्व रखता है। यह हमें पोषण आवास, ईंधन, वस्त्र आदि अन्य संसाधन प्रदान करता है, साथ ही जैव विविधता पर्यटन से भी जुड़ा है। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य में जहां तक जैव विविधता को हम देखें तो गौरव की अनुभूति होती है। छत्तीसगढ़ भारत का 10वां सबसे बड़ा समृद्ध संस्कृति, विरासत एवं आकर्षक प्राकृतिक विविधता से संपन्न राज्य है। दस हजार वर्षों पुरानी सभ्यता के साथ भारत के केंद्र में स्थित यह आश्चर्यों से भरा राज्य उन पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है, जो प्राचीनता का अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ एक विशिष्ट भारतीय अनुभव प्रदान करता हैं। देश के सबसे विस्तृत झरने, गुफाएं, हरे-भरे जंगल, प्राचीन स्मारक, दुर्लभ वन्यजीव, उत्कृष्ट नक्काशीदार मंदिर, बौद्ध स्थल और पहाड़ी पठार इस राज्य में विद्यमान हैं। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 80 प्रतिशत से अधिक जैव विविधता पाई जाती है, जो पूरे देश में कहीं भी नहीं पाई जाती है। 32 प्रतिशत जनजातीय आबादी के साथ इस राज्य का 44 प्रतिशत हिस्सा वनों से घिरा हुआ है। छत्तीसगढ़ प्रकृति के प्रति उत्साही लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया है। जो अद्वितीय आदिवासी कला, शिल्प और परंपराओं की खोज करना चाहते हैं। सदियों से इसके आदिवासी समुदायों ने पर्यावरण की अनुकूल प्रथाओं के माध्यम से प्राकृतिक आवास को पोषित एवं संरक्षित करने में अहम भूमिका निभाई है। छत्तीसगढ़ में पर्यटकों को कला और वास्तुकला, विरासत, हस्तशिल्प, व्यंजन, मेले एवं त्योहार जैसा बहुत कुछ देखने को मिलता है। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ का उल्लेख अनेक कथाओं में मिलता है, जिनमें भारत के दो महान महाकाव्य रामायण एवं महाभारत भी शामिल हैं। भारत का सबसे चौड़ा जलप्रपात चित्रकोट भी इसी राज्य में है।

## संक्षिप्त समाचार

# मेंड्रा में सीसी रोड का भूमिपूजन किया इन्द्र साव ने



**भाटापारा।** विकासखण्ड के ग्राम मेंड्रा मे गत दिनो क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव ने गांव मे नाली व सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये साव ने कहा कि गांव मे बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है इसी सिलसिले मे वे अपने मद से राशि स्वीकृत कर ग्राम मेंड्रा मे सीसी रोड़ व नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर रहे है। उक्त अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष अशोक ध्रुव, मुकेश दास हेंवार, जितू ठाकुर, प्रकाश जाधव, विजय निषाद, कामता रावत, दिनेश तिवारी, चिरौंजी वर्मा, हेमंत वर्मा व गंगाराम देहरी सहित बडी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

# आशीर्वाद लेने बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम पहुंचे मुख्यमंत्री





**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज सुबह राजधानी रायपुर के बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम पहुंचकर ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य जगदगुरु स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी तथा शारदा पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी सदानंद सरस्वती जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। स्वामी जी राजिम कुंभ के संत समागम में भाग लेने छत्तीसगढ़ पहुंचे हुए हैं। इसके अलावा वे प्रदेश में होने वाले अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वामी जी को राजिम कुंभ आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस बार राजिम कुंभ कल्प का आयोजन बहुत भव्य तरीके से किया जा रहा है। देश भर से यहां संत समागम हुआ है। छत्तीसगढ़ के लोग बड़े भाग्यशाली हैं कि उन्हें आपका आशीर्वाद इस मौके पर मिला है। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वामी जी से कहा कि राजिम कुंभ के माध्यम से संत समागम का उद्देश्य पूरा हो रहा है जिससे सनातन परंपरा के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ेगी। शंकराचार्य जी ने इस मौके पर मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए जिस तरह से राजिम कुंभ में तैयारी की गई है और संत समागम हुआ है उससे निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ में आध्यात्मिक वातावरण और उन्नत होगा। भगवान श्री राजीव लोचन जी और कुलेश्वर महादेव जी की पुण्य भूमि संगम नगरी राजिम में यह सुंदर आयोजन हो रहा है इससे निश्चित रूप से श्रद्धालुओं के लिए उत्साहपूर्ण वातावरण बना है। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा भी मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि : महादेव शिव की पूजा

**हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि के पर्व का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन भगवान शिव की विशेष रूप से पूजा-अर्चना किए जाने का विधान है और शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है। शास्त्रों के मुताबिक फाल्गुन माह की महाशिवरात्रि को भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह हुआ था। इसी उपलक्ष्य में हर साल इस तिथि पर महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है।**



ऐसे में महाशिवरात्रि के मौके पर भगवान शिव की पूजा के अलावा शिव-पार्वती विवाह व्रत कथा जरूर पढ़नी व सुननी चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भगवान शिव और पार्वती माता के विवाह की कथा के बारे में बताने जा रहे हैं। इस व्रत कथा को पढ़ने से दांपत्य जीवन खुशहाल रहता है और भगवान शिव की कृपा व आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## महाशिवरात्रि की व्रत कथा

माता सती प्रजापति दक्ष की पुत्री थीं। वह भगवान शिव को बेहद पसंद करती थीं और उनको पति के रूप में पाना चाहती थीं। लेकिन जब उन्होंने इस बारे में अपने पिता प्रजापति दक्ष को बताया तो दक्ष ने भगवान शिव का अपमान किया और विवाह के लिए मना कर दिया। लेकिन माता सती ने पिता के खिलाफ जाकर भगवान शिव से विवाह कर लिया। जिस पर उनके पिता दक्ष काफी ज्यादा नाराज हुए और अपनी पुत्री का हमेशा के लिए त्याग कर दिया।

एक बार प्रजापति ने महायज्ञ का आयोजन किया। इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं और ऋषियों-मुनियों को आमंत्रित किया गया। लेकिन भगवान शिव और माता सती को प्रजापति ने यज्ञ में आमंत्रित नहीं किया। आमंत्रण न मिलने पर भी माता सती ने पिता के घर जाने की जिद की और भगवान शिव की आज्ञा से वह यज्ञ में पहुंच गईं। जहां पर प्रजापति ने भगवान शिव को अपशब्द कहते हुए अपमानित किया। पति के बारे में पिता द्वारा किए गए अपमान को माता सती सह न सकीं और क्रोध में आकर उन्होंने यज्ञ कुंड में अपने शरीर को त्याग दिया।

फिर अगले जन्म में माता सती ने पार्वती के रूप में हिमालय राज के घर जन्म लिया। लेकिन इस जन्म में भगवान शिव ने उनसे विवाह करने के लिए मना कर दिया। क्योंकि माता पार्वती मानवीय शरीर में बंधी थीं। महादेव द्वारा विवाह के लिए मना करने के बाद माता पार्वती ने घोर तपस्या की। बता दें कि भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए माता पार्वती ने 12,000 वर्षों तक अन्न-जल त्याग कर तपस्या की। उनके कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने माता पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया। जिस दिन भगवान शिव-शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ, उसे महाशिवरात्रि के तौर पर मनाया जाने लगा। धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव बारात लेकर माता पार्वती के घर पहुंचे थे और विवाह संपन्न किया था। महाशिवरात्रि के दिन जो भी जातक भगवान शिव और माता पार्वती की यह व्रत कथा सुनता है उसके विवाह में आने वाली बाधा दूर होती है और दांपत्य जीवन खुशहाल होता है।

# प्रदोष काल में इस तरह करें भगवान शिव की पूजा

भगवान शिव का आशीर्वाद पाने के लिए जातक को प्रदोष व्रत करने चाहिए। इस व्रत को करने से जातक को जीवन में सुख-समृद्धि, शांति और मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। बताया जाता है कि लंकापति रावण के पास जितनी भी धन-संपदा व सिद्धियां थी, वह सब भगवान शिव की कृपा से उसे प्राप्त हुई थी।




प्रदोष व्रत कर लंकापति रावण भगवान शिव को प्रसन्न कर सिद्धियां प्राप्त करता है। आपको बता दें कि प्रदोष काल में लक्ष्मी प्राप्ति हेतु गन्ने के रस द्वारा शिव जी का रूद्राभिषेक करने का निर्देश दिया गया है।

प्रदोष व्रत महिला और पुरुष दोनों की कर सकते हैं। बता दें कि प्रत्येक पक्ष की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत किया जाता है। इस व्रत के उपासक भगवान भोलेनाथ हैं। वहीं प्रदोष काल में महादेवी का व्रत करने का विधान है। इस व्रत को करने वाले जातक को शाम को भगवान शिव की पूजा करने के बाद भोजन करना चाहिए। वहीं धन-सम्पत्ति व सुख-समृद्धि की प्राप्ति के लिए प्रदोष काल में भगवान शिव का तांडव स्त्रोत का पाठ करना विशेष लाभकारी माना जाता है।

## प्रदोष व्रत का महत्व

हिंदू धर्म शास्त्रों के मुताबिक त्रयोदशी और प्रदोष व्रत करने वाले जातक संतोषी और सुखी बनते हैं। इस व्रत के पुण्य प्रभाव से महिलाओं का सुहाग अटल रहता है। जिस कामना को लेकर स्त्री व पुरुष इस व्रत को करते हैं, कैलाशपति भगवान शिव-शंकर उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। जो भी स्त्री व पुरुष त्रयोदशी का व्रत करते हैं, उनको सौ गाय के दान का फल प्राप्त होता है। इस व्रत को विधि-विधान और श्रद्धापूर्वक करने से जातक के सभी दुख दूर हो जाते हैं।

## प्रदोष व्रत पूजा की विधि

प्रदोष व्रत के लिए सुबह जल्दी स्नान आदि कर भगवान शिव का स्मरण करें। पूरा दिन निराहार रहने के बाद सूर्यास्त से एक घंटा पहले फिर से स्नान आदि कर बिल्वपत्र, धूप-दीप, गंध, मदार पुष्प और नैवेद्य आदि पूजन सामग्री एकत्र कर लें। इसके बाद उत्तर-पूर्व दिशा की ओर मुख करके पांच रंगों को मिलाकर पद्म पुष्प की प्रकृति बनाकर आसन पर बैठें। इसके बाद विधि-विधान से पूजा करते हुए पंचाक्षर मंत्र का जाप करते हुए जल चढ़ाएं। वहीं भगवान शिव को जल अर्पित करते समय इस बात का ध्यान रखें कि यह जलधारा टूटे नहीं। भगवान शिव पर जलधारा अर्पित करते समय आंखें खुली हुई हों और आपकी दृष्टि उस जलधारा पर होना चाहिए। जिस कामना से आप प्रदोष व्रत कर रहे हैं, उसके लिए भगवान भोलेनाथ के समक्ष श्रद्धा-भाव से प्रार्थना करें। इस दौरान भगवान शिव के अलावा मां पार्वती और नंदी की पूजा करनी चाहिए। दोनों पक्षों की त्रयोदशी का प्रदोष व्रत करना चाहिए। बता दें कि स्कन्द पुराण में इस व्रत की महिमा के बारे में बताया गया है।

## उद्यापन

*प्रदोष व्रत करने से व्यक्ति के सभी कष्ट दूर होते हैं और जातक की मनोकामना पूरी होती है। जातक ग्यारह त्रयोदशी अथवा वर्ष भर की 26 त्रयोदशी के व्रत करने के बाद उद्यापन करना चाहिए। इस व्रत का उद्यापन करने से एक दिन पहले घर में भगवान श्रीगणेश की पूजा कर भजन-कीर्तन और रात में जागरण आदि करना चाहिए। वहीं दूसरे दिन स्नान आदि कर भगवान शिव और मां पार्वती की षोडशोपचार विधि से पूजा करें। फिर ऊं उमा सहिताय नमः शिवाय का जाप करते हुए 108 बार खीर की अग्नि में आहुति दें। इसके बाद हवन कर श्रेष्ठ ब्राह्मण या आचार्य को भोजन करवाकर अपनी यथाशक्ति अनुसार दान-दक्षिणा देकर विदा करें। इस तरह से व्रत व उद्यापन करने वाले जातकों की हर मनोकामना पूरी होती है और अंत में मोक्ष पद की प्राप्ति करता है।*

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी

# रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग से विजय बघेल

रायपुर । भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। पहली लिस्ट में पार्टी ने 195 से ज्यादा सीटों पर नामों की घोषणा की है। इसमें छत्तीसगढ़ की ग्यारह सीटों के लिए उम्मीदवारों का नाम भी शामिल है।






बिलासपुर से तोखन साहू, सरगुजा से चिंतामणी महाराज, जांजगीर-चांपा से कमलेश जांगडे, कोरबा से सरोज पांडे, राजनांदगांव से संतोष पांडे, दुर्ग से विजय बघेल उम्मीदवार होंगे। वहीं रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद से रुपकुमारी चौधरी, बस्तर से महेश कश्यप और कांकेर से भोजराज नाग को लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा की 11 सीटें हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में में राज्य की सत्ता गंवाने के बावजूद भी भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा की 11 में 9 सीटें अपने नाम करने में कामयाब रही थी। वहीं राज्य बनने के बाद से कांग्रेस 2004 और 2019 में ही दो लोकसभा सीटों के आंकड़े तक पहुंची थीं, जबकि बाकी के लोकसभा चुनाव में उसके खाते में हमेशा एक ही सीट आई है। इन आंकड़ों के बावजूद भी कांग्रेस दावों में पीछे नहीं रही है।

## बृजमोहन अग्रवाल को केंद्र में भेजने के क्या हैं मायने

सबसे खास और बड़ी बात ये है कि पार्टी ने छत्तीसढ़ बीजेपी के कद्दावर

### लोकसभा चुनाव छत्तीसगढ़ के सभी 11 सीट पर BJP प्रत्याशी घोषित

| लोकसभा सीट | घोषित प्रत्याशी | 2019 में जीते | 2019 में हारे |
|---|---|---|---|
| रायपुर | बृजमोहन अग्रवाल | सुनील सोनी (बीजेपी) | प्रमोद दुबे |
| राजनांदगांव | संतोष पांडेय | संतोष पांडेय (बीजेपी) | भोलाराम साहू |
| दुर्ग | विजय बघेल | विजय बघेल (बीजेपी) | प्रतिभा चंद्राकर |
| सरगुजा | चिंतामणि महाराज | रेणुका सिंह (बीजेपी) | खेलसाय सिंह |
| कोरबा | सरोज पांडे | ज्योत्सना महंत (कांग्रेस) | ज्योतिनंद दुबे |
| बिलासपुर | तोखन साहू | अरुण साव (बीजेपी) | अटल श्रीवास्तव |
| महासमुंद | रूप कुमारी चौधरी | चुन्नीलाल साहू (बीजेपी) | धनेंद्र साहू |
| रायगढ़ | राधेश्याम राठिया | गोमती साय (बीजेपी) | लालजीत सिंह राठिया |
| बस्तर | महेश कश्यप | दीपक बैज (कांग्रेस) | बैदूराम कश्यप |
| कांकेर | भोजराज नाग | विक्रम उसेंडी (बीजेपी) | बिरेश ठाकुर |
| जांजगीर | कमलेश जांगड़े | गुहाराम अजगले (बीजेपी) | रवि परसराम भारद्वाज |

नेता और 8 बार के रायपुर दक्षिण से विधायक बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर से सांसदी का टिकट दिया गया है। यानी बीजेपी के 'संकटमोचन' को राज्य से केंद्र में बुलाने की तैयारी है। रायपुर से सांसद सुनील सोनी की जगह बृजमोहन अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया गया है। बृजमोहन लगातार 8 बार से विधायकी चुनाव जीतते आ रहे हैं और सीनियर मंत्री भी रहे हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ बीजेपी की राजनीति में संकटमोचन कहा जाता है। ऐसे में इस सूची में उनका नाम आना चौंकाने वाली बात है । हालांकि विधानसभा चुनाव के समय से ही उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ाने की बात सियारी गलियारें में आती रही है। विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने नई पीढ़ी के चेहरों को मौका दिया है। जूनियर और सीनियर का बैलेंस बना हुआ है। पहली बार मंत्री बने कई विधायकों को भी बड़े और महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही कि बृजमोहन को केंद्र में भेजकर उन्हें बड़ा पोर्टफोलियों दिया जा सकता है और प्रदेश के अन्य सीनियर बीजेपी नेताओं को मंत्री पद पर बैठाया जाए। बृजमोहन के केंद्र में जाने पर दो कैबिनेट पद खाली हो जाएंगे। ऐसे में राजेश मूणत, अजय चंद्राकर, अमर अग्रवाल जैसे अनुभवी नेताओं को मंत्री बनाया जा सकता है। क्योंकि वो पहले भी रमन कैबिनेट में मंत्री रह चुके हैं। पार्टी उनके अनुभवों को लाभ ले सकती है।

## इस वजह से विजय और संतोष को मिला दोबारा मौका

बीजेपी ने दुर्ग सांसद विजय बघेल को दोबारा टिकट दिया है। बघेल विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र समिति के संयोजक थे। उनके नेतृत्व में विधानसभा चुनाव का घोषणा पत्र तैयार किया गया था। इस मेनिफेस्टो में कई महत्वपूर्ण वादों को शामिल किया गया, जिससे पार्टी को चुनाव में लाभ भी मिला। बघेल हर वर्ग के लोगों से मुलाकर कर मेनिफेस्टो तैयार किया था। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ पूरी दमदारी के साथ चुनाव लड़े थे। ऐसे में पार्टी ने उन पर दोबारा विश्वास जताया है। वहीं बस्तर संभाग में राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय की अहम भूमिका रही क्योंकि वो इस संभाग के प्रभारी थे। उनके आक्रामक नेतृत्व में पार्टी ने 12 में से 8 सीटें जीतीं। आदिवासी और धर्मांतरण का मुद्दा चुनाव में हावी रहा। यही कारण है कि पूर्व सीएम रमन सिंह के बेटे अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव का नाम आने के बाद भी पार्टी ने उन्हें दोबारा टिकट दिया है।

## लोकसभा चुनाव 2019 की स्थिति

*लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी ने 11 सीटों में से 9 सीटों पर जीत दर्ज की थी। कोरबा और बस्तर सीट पर बीजेपी फतह हासिल नहीं कर सकी थी। बीजेपी ने पीएम मोदी के चेहरे पर कुल 9 सीटों पर जीत दर्ज की थी। कोरबा से कांग्रेस के दिग्गज नेता चरणदास महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत और बस्तर से मौजूदा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बाजी मारी थी।*

---

रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल का नाम सुनते ही सांप सूंघ गया.

# मंत्री टंकराम वर्मा का कांग्रेस पर तंज, कहा- कोई लड़ने को तैयार नहीं है

रायपुर. कांग्रेस प्रत्याशियों की लिस्ट अब तक जारी नहीं होने लेकर मंत्री टंकराम वर्मा ने कांग्रेस पर तंज कसा है. उन्होंन कहा है कि कांग्रेस के पास कोई प्रत्याशी नहीं है.



कोई लड़ने के लिए तैयार ही नहीं है. धर पकड़ के प्रत्याशियों को लाया जा रहा है. रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल का नाम सुनते ही सांप सूंघ गया है. कोई लड़ने वाला तैयार नहीं है. भारतीय जनता पार्टी की स्थिति इतनी मजबूत है कि इस बार 400 का आंकड़ा पार होगा. लोगों में उत्साह है. कार्यकर्ताओं में उत्साह है. हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं लेकिन विश्व के लोकप्रिय नेता हैं. आज पूरा देश उनके तरफ निगाहें करके बैठा है. इस बार रायपुर लोकसभा रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीतेंगे. महतारी वंदन योजना को लेकर पूर्व सीएम के बयान पर मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी को धरातल पर लाने के लिए हमारे प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूरी व्यवस्था कर ली है. भूपेश बघेल जैसे कोई धोखा नहीं है. महतारियों को, हमारी बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ पूरा मिलेगा. 7 मार्च को महतारी वंदन योजना की राशि और किसानों की जो अंतर राशि है वो 12 मार्च को मिलेगी. कहीं कोई किसी के साथ कोई धोखा नहीं है. भाजपा जो कहती है वो करती है. भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर मंत्री ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे पहले अपने आप को जोड़ लें. भारत भूमि से अपने आप को जोड़ लें. उसके बाद फिर वह देश को जोड़ें. जो अपने आप को जोड़ नहीं पाए वो देश को क्या जोड़ेंगे. महंगाई की क्या बात करेंगे. हमारी सरकार आते ही बेरोजगारो के लिए कितनी सरकारी भर्तियां निकाल दी. वैकेंसी निकल दी. यहां पर स्वस्थ और बहुत अच्छा काम होगा आप देखते रहिए.

# एनजीओ के सहयोग से वेदांता एल्यूमिनियम ने 5 लाख लाभार्थियों के जीवन पर डाला सकारात्मक प्रभाव

### कंपनी अपने प्रचालन स्थलों पर 20 से ज्यादा एनजीओ के साथ काम करते हुए ग्रामीण भारत में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रही है

**नई दिल्ली।** विश्व एनजीओ दिवस के मौके पर भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने बताया कि गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ मिलकर की जा रही उनकी कोशिशों ने अकेले वित्तीय वर्ष 2023 में ही 5 लाख लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव को मुमकिन किया है।










अगर कुल मिलाकर देखें तो बीते वित्तीय वर्ष में कंपनी के सामाजिक हस्तक्षेपों ने 6.30 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। कंपनी 20 से अधिक एनजीओ के साथ मिलकर सामुदायिक जरूरतों, सरकार के विकासात्मक कार्यक्रमों एवं संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के मुताबिक सामाजिक-आर्थिक प्रगति के लिए सक्रियता से काम किया है।

वेदांता एल्यूमिनियम के प्रचालनों में शामिल हैं- दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमिनियम स्मेल्टरों में से एक जो झारसुगुडा में स्थित है, ओडिशा के लांजिगढ़ में विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी तथा कोरबा, छत्तीसगढ़ में स्थित भारत की आईकॉनिक एल्यूमिनियम उत्पादक बालको तथा वृद्धि करता हुआ खनन क्षेत्र। ये सभी प्रचालन मिलकर ग्रामीण भारत के कई इलाकों में बहुआयामी ग्रामीण निर्धनता को कम करके तथा उद्यम एवं रोजगार के अवसर पैदा कर के इन समुदाय को सामाजिक-आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहे हैं। कंपनी के सामाजिक कल्याण हस्तक्षेप पांच विषयगत क्षेत्रों पर आधारित हैं जो शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर और जमीनी स्तर पर खेलों, कला व संस्कृति के साथ महिला व बाल विकास पर केन्द्रित हैं।

एनजीओ की मदद से कंपनी ग्रामीण समुदाय में गहरी पैठ बना पाती है जिससे संगठन को समुदायों के सामाजिक तानेबाने एवं रीति-रिवाजों की जानकारी प्राप्त होती हैं। ये संगठन वैज्ञानिक आधार पर आवश्यकताओं की समीक्षा करते हैं ताकि समुदायों की जरूरतों का पता लगाया जाए और वे वेदांता एल्यूमिनियम के सामाजिक सहयोग से लाभ प्राप्त कर सकें। कल्याकारी पहलों के लिए कार्यक्रम संबंधी दृष्टिकोण विकसित किया जाता है तथा उनके असर को मापने के लिए नियमित रूप से मूल्यांकन भी होता है। इन निर्णायक निष्कर्षों के आधार पर एनजीओ जारी कार्यक्रमों में संशोधन या इजाफा करते हैं।

वेदांता एल्यूमिनियम के साथ काम करने वाले प्रत्येक एनजीओ सहभागी का चयन कड़ी प्रक्रिया के बाद किया जाता है। एनजीओ को अपने साथ जोड़ लेने के बाद परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं असर पर करीबी से निगाह रखी जाती है। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के मुताबिक सहयोगियों की नियमित ऑडिटिंग की जाती है। समुदायों को स्वावलम्बी बनाने के दीर्घकालिक लक्ष्य के साथ पहलें की जाती हैं। प्रोजेक्ट माइलस्टोन इस प्रकार डिजाइन किए जाते हैं कि अंततः समुदाय के लोग उसका पूरा दायित्व स्वयं ले लें।

वेदांता एल्यूमिनियम के सीईओ श्री जॉन स्लेवन ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021 और 2023 के मध्य हमारे सामुदायिक निवेश में 45 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई है जो दर्शाती है कि जिन समुदायों के बीच हमारा प्रचालन है उनके सम्पूर्ण विकास हेतु हम कितने प्रतिबद्ध हैं। एनजीओ के साथ रणनीतिक साझेदारी स्थापित कर के हम अपनी साझी शक्तियों के बल पर अपने समुदाय के लोगों के हित में प्रभावशाली सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों की रचना व उनका अमल कर रहे हैं। वेदांता एल्यूमिनियम में हमारा मानना है कि समाज के सभी तबकों को सशक्त बना कर ही समावेशी विकास किया जा सकता है। एनजीओ के संग हमारी भागीदारी - परिवर्तनकारी एवं सतत विकास के जरिए - इस मोर्चे पर उल्लेखनीय काम कर रही है।''

कंपनी निरंतर सहभागिताएं कर रही है जिनके तहत बड़े पैमाने पर विषय के विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है; उदाहरण के लिए पुनरुत्थान वॉलेंट्री ऑर्गेनाइज़ेशन ओडिशा में जरूरत स्वास्थ्य सुविधाओं के जरिए 2 लाख से अधिक लाभार्थियों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। इसी तरह, सार्थक जन विकास संस्थान के सहयोग से कंपनी ने प्रोजेक्ट नई किरण शुरु किया है, यह परिवर्तनकारी प्रोजेक्ट ग्रामीण लड़कियों के बीच बेहतर माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने पर केन्द्रित है।

वेदांता एल्यूमिनियम ने वेदांता फाउंडेशन के साथ मिलकर कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए हैं जिनके जरिए ग्रामीण युवाओं को इलेक्ट्रिकल्स व टेलरिंग जैसे व्यवसायों का प्रशिक्षण देकर उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाई जाती है। एक्शन फॉर फूड प्रोडक्शन (एएफपीआरओ) के सहयोग से कंपनी आधुनिक कृषि पद्धतियों एवं खाद्य सुरक्षा को प्रोत्साहित कर रही है। झारसुगुडा में 'जीविका समृद्धि' और कोरबा में 'मोर जल मोर माटी' जैसी पहल की गई हैं। इसके अलावा कंपनी स्पोर्ट्ज़ विलेज फाउंडेशन के साथ मिलकर ग्रामीण युवाओं को तीरंदाज़ी व कराटे का प्रशिक्षण प्रदान कर रही है और इन युवाओं ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार जीते हैं। इन पहल के प्रभाव के बारे में एक्शन फॉर फूड प्रोडक्शन (एएफपीआरओ) के कार्यकारी निदेशक डॉ जैकब जॉन ने कहा कि वेदांता एल्यूमिनियम के सहभागिता द्वारा हजारों किसानों पर परिवर्तनकारी प्रभाव सुनिश्चित कर रहे हैं तथा युवा पीढ़ी हेतु कृषि को एक सस्टेनेबल आजीविका के तौर पर पुनः स्थापित कर रहे हैं। महाशक्ति फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक श्री जुगल पटनायक ने कहा कि हमने उद्यमिता कार्यक्रमों के लिए वेदांता एल्यूमिनियम से साझेदारी की है जिनके तहत ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की मदद की जा रही है ताकि वे अपने परिवार के कल्याण हेतु समझ भरा निर्णय ले पाएं तथा अपने समुदाय के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

इस वर्ष के विश्व एनजीओ दिवस की थीम-''एक सतत भविष्य का निर्माण: सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका'' के माध्यम से कंपनी अपने प्रचालन क्षेत्रों में समुदायिक जीवन को सक्रियता से समृद्ध कर रही है तथा सम्मिलित सामाजिक-आर्थिक प्रगति एवं वृद्धि में अभिन्न योगदाताओं के तौर पर उन्हें पहचान दे रही है।





## बिना नक्शा पास कराये अवैध निर्माण धड़ल्ले से हो रहे हैं

# भाटापारा शहर का स्वरूप अवैध कब्जे से विकृत हो रहा है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। पालिका प्रशासन की लापरवाही से एक बार फिर प्रमुख मार्गो के साथ साथ प्रमुख चौक चौराहे पर बडे पैमाने पर अवैध कब्जा करने वाले सक्रिय हो गये है और बकायदा पहले की तुलना मे पक्का निर्माण कार्य मजबूती से कर रहे है।




नगर के प्रमुख मार्ग के दोनो छोर पर सैकड़ो की तादाद मे अवैध कब्जे होने लगे है हास्पिटल चौक, महारानी चौक, तरेंगा नाका, रेस्ट हाउस के सामने सिनेमा लाईन, हटरी बाजार, बस स्टैड क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रो मे भी बेखौफ अवैध कब्जे होने से लगभग दो माह पूर्व चलाये गये अवैध कब्जा हटाओ अभियान की पोल खुल गई है। इस संबंध मे पालिका प्रशासन से जुडे सूत्रो का कहना है कि राजस्व प्रशासन का उन्हे सहयोग नहीं मिल रहा है वहीं आम नागरिकों का मत है कि पालिका प्रशासन अवैध कब्जा करने वालो को प्रश्रय दे रहा है और तो और सड़क पर टीन टप्पर, होर्डिंग्स एवं सामान रखकर यातायात को बाधित करने वाले लोगों को भी पालिका प्रशासन मे बैठे लोग नहीं हटा पा रहे है जिससे नागरिकों मे पालिका प्रशासन के विरूद्ध आक्रोश व्याप्त है। खासकर जनप्रतिनिधियों के साथ साथ अधिकारी कर्मचारी भी काम करने के अंदाज मे नहीं है जिससे शहर की स्थिति दिन ब दिन बिगड रहीं है इधर नगरीय निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डो मे धडल्ले से पालिका से बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त किये अवैध रूप से मकान दुकान सैकडो की तादाद मे बन रहे है उसका भी कोई हिसाब किताब पालिका प्रशासन के पास नहीं है जिससे शहर मे अवैध कब्जा करने वाले और मस्त होकर दिन रात कब्जा तानने मे जुटे हुये है। नगर के अनेक वार्डो मे पालिका प्रशासन से बिना नक्शा स्वीकृति कराये दुकान मकान बनाये जा रहे है जिससे पालिका को जहां राजस्व की क्षति हो रहीं है वहीं शहर का स्वरूप विकृत हो रहा है क्षेत्रिय नागरिकों ने जिला प्रशासन व नगरीय निकाय मंत्री से भाटापारा मे हो रहे अवैध कब्जे को रोकने की दिशा मे ठोस कदम उठाने की मांग की है।

**बेखौफ अवैध कब्जे होने से लगभग दो माह पूर्व चलाये गये अवैध कब्जा हटाओ अभियान की पोल खुल गई है**

# दानवीर दाऊ श्री कल्याण सिंह अग्रवाल का प्रतिमा अनावरण



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के मसीहा, दानवीर दीवान बहादुर दाऊ श्री कल्याण सिंह जी अग्रवाल जिनका नाम दानशीलता के लिए बड़े गौरव के साथ लिया जाता है उनके द्वारा निर्मित श्री जनक नंदिनी बाई धर्मशाला परिसर मातादेवालय वार्ड में दाऊ जी की प्रतिमा का अनावरण 17 फरवरी दिन शनिवार को दानदाता परिवार श्री अशोक अग्रवाल एवं जनपद सदस्य श्री अनुपम अग्रवाल की गौरवमयी उपस्थिति में संपन्न हुआ । प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के पूर्व धर्मशाला परिसर में ही अग्रजनों द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ का भी वाचन किया गया श्री हनुमान जी ,श्री मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र जी की पूजा अर्चना कर सुंदरकांड पाठ ,श्री हनुमान चालीसा का पाठ का वाचन करने के पश्चात प्रतिमा अनावरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ । मुख्यअतिथियों द्वारा हमारे इष्ट देव श्री अग्रसेन महाराज जी का छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । आमंत्रित अतिथियों का स्वागत



छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज के पदाधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ से किया गया अतिथियों के स्वागत के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अशोक अग्रवाल दानदाता परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर कर रहे श्री अनुपम अग्रवाल जी के कर कमलो से हमारे पुरखा के प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा अनावरण करने के बाद ट्रस्ट के सचिव श्री रविकांत अग्रवाल ने स्वागत भाषण का वाचन करते हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा धर्मशाला ट्रस्ट की प्रगति एवं भावी कार्य योजना की रूपरेखा से उपस्थित अग्रजनों को अवगत कराया । ट्रस्टी श्री सतीश अग्रवाल ने भी दानशीलता के महत्व को परिभाषित करते हुए दाऊ जी के महान कार्यों की सराहना की । महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती विंध्यां अग्रवाल ने भी अपने संबोधन में उपस्थित अग्रजनों का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की प्रशंसा की छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्री जगदीश अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि धर्मशाला का स्थापना 17 फरवरी 1960 को हुआ था इसीलिए इस तिथि को ही प्रतिमा का अनावरण किया गया । पश्चात कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री अनुपम अग्रवाल ने आज की इस आयोजन में अपनी उपस्थिति को अत्यंत गौरवमयी निरूपित करते हुए दानवीर दाऊजी की दानशीलता , कर्तव्य परायणता एवम कुशल प्रबंधन की सराहना की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अशोक अग्रवाल जी दाऊजी के जीवनी से संबंधित कई दृष्टांतों का उल्लेख किया तथा उनके पद चिन्हों को जीवन में अनुसरण करने का आव्हान करते हुए अपनी वाणी को विराम दिया । उद्बोधन के क्रम को यहीं पर विराम करते हुए समाज एवं ट्रस्ट के पदाधिकारी द्वारा दानदाता परिवार सहित मंचस्थ अतिथियों का सम्मान शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया । आज के कार्यक्रम में श्री अशोक अग्रवाल, श्री अनुपम अग्रवाल दानदाता परिवार की ओर से श्री अनूप अग्रवाल ,श्री भरत अग्रवाल ,श्री प्रिंस अग्रवाल ,श्री यश अग्रवाल ,ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री आनंद अग्रवाल, समाज के अध्यक्ष श्री जगदीश अग्रवाल एवं महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती विंध्या अग्रवाल सहित समाज के अग्रजनो एवम नगर के गणमान्य जनों की गरिमा उपस्थिति रही अंत में आज के कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा कर सभी आत्मियजनो को प्रसादी भोज हेतु आमंत्रित किया गया ।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in